हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, रविवार 05 अक्टूबर 2025



## खबर संक्षेप



### केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से आकाश विग ने की मुलाकात

**रायपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह छत्तीसगढ़ के दो दिवसीय प्रवास पर राजधानी रायपुर पहुंचे। इसी दौरान आकाश विग ने श्री शाह का स्वामी विवेकानंद विमानतल पर पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया।

### नकली कीटनाशक से किसान परेशान, सरकार मौन : धनेंद्र

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं किसान नेता धनेन्द्र साहू ने कहा, प्रदेशभर में इस समय बड़े पैमाने पर नकली कीटनाशक दवाइयों की बिक्री खुलेआम हो रही है। हालात इतने भयावह हो गए हैं कि लगभग सभी प्रकार की दवाइयां नकली या



मिलावटी साबित हो रही हैं। इसके कारण फसलों में फैल रही बीमारियों और कीटों का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। किसानों द्वारा बार-बार दवाइयों का छिड़काव करने के बावजूद फसलों पर कोई असर नहीं दिख रहा है। बीमारियां नियंत्रण में नहीं आ पा रही हैं और फसलें बर्बादी के कगार पर पहुंच गई हैं। किसानों ने प्रति एकड़ 8 से 10 हजार रुपये तक की लागत सिर्फ कीटनाशक दवाइयों में खर्च की है, लेकिन दवाइयां नकली होने के कारण उनका कोई असर नहीं दिख रहा है, जिससे बीमारियां लगातार फैल रही हैं। नतीजतन, किसान न केवल अपनी पूंजी खो रहे हैं, बल्कि अब फसल का लागत मूल्य निकलना भी मुश्किल हो गया है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि जब किसान अपनी शिकायत लेकर कृषि विभाग के पास पहुंच रहे हैं, तो अधिकारी किसानों का पक्ष न लेकर व्यापारियों की पैरवी कर रहे हैं।

**सोमवार से शुक्रवार तक रोज एक मंत्री सुनेंगे समस्याएं**

# ठाकरे परिसर में सालभर बाद फिर मंत्रियों का सहयोग केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश भाजपा सरकार के मंत्री एक बार फिर से कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में कार्यकर्ताओं की समस्याएं सुनेंगे। करीब एक साल बाद फिर से यह सहयोग केंद्र सोमवार से प्रारंभ हो रहा है। पहले दिन प्रदेश के राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा समस्याएं सुनेंगे।

इसके बाद लगातार शुक्रवार तक रोज एक मंत्री कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे और उनके साथ ही उनके क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनेंगे और उनका निराकरण करेंगे। प्रदेश में एक बार फिर से भाजपा की सरकार बनने के बाद भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश ने प्रदेश सरकार और संगठन को कार्यकर्ताओं को महत्व देने की बात कही थी। इसके बाद ही प्रदेश सरकार ने कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में बीते साल कार्यकर्ताओं और उनके क्षेत्र के आम जनों की समस्याएं सुनने के लिए सहयोग केंद्र प्रारंभ किया था। इस सहयोग केंद्र में रोज एक मंत्री बैठ रहे थे और समस्याएं सुनने के बाद ज्यादातर छोटी समस्याओं का तत्काल निराकरण भी कर रहे थे।



### सालभर से बंद है सहयोग केंद्र

बीते साल सहयोग केंद्र प्रारंभ करने के बाद यह अगस्त तक चलता रहा, इसके बाद सितंबर में भाजपा के सदस्यता अभियान के बाद से ही यह बंद हो गया। पहले भाजपा का सदस्यता अभियान चला, इसके बाद भाजपा का संगठन चुनाव और फिर नगरीय निकाय के बाद पंचायत चुनाव होने के कारण यह सहयोग केंद्र प्रारंभ नहीं हो सका। अब जबकि सारे काम निपट चुके हैं तो एक बार फिर से सहयोग केंद्र को प्रारंभ किया जा रहा है। इसको प्रारंभ करने की लगातार मांग हो रही थी।

### कब कौन मंत्री रहेंगे

सोमवार से सहयोग केंद्र प्रारंभ होगा। पहले दिन प्रदेश के राजस्व और उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा दोपहर को दो बजे से लेकर शाम को पांच बजे तक समस्याएं सुनेंगे। इसके पहले एक से दो बजे तक पंजीयन होगा। दूसरे दिन पहली बार मंत्री बने स्कूली शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव समस्याओं का निराकरण करेंगे। इसके बाद बुधवार को वन और सहकारिता मंत्री केदार कश्यप गुरुवार को पहली बार मंत्री बने तकनीकी शिक्षा मंत्री गुरु खुशवंत साहेब और शुक्रवार को खाद्य मंत्री दयालदास बघेल कार्यकर्ताओं से मुलाकात करके उनकी समस्याएं सुनेंगे।

**गंगरेल, मुरुमसिल्ली, न्यू रूद्री बैराज और सोंढूर सहित दो दर्जन बांध लबालब**

# लगातार बारिश से नदी और नाले उफान पर, बांध अब छलकने लगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लगातार बारिश से नदी-नाले उफान पर हैं, बांध अब छलकने लगे हैं। 32 टीएमसी वाला गंगरेल बांध 97.89 फीसदी भर गया है। 55000 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। बांध के 14 गेट में से 12 गेट खोल दिए गए हैं। धमतरी जिले के प्रमुख बांध रविशंकर सागर बांध (गंगरेल), मुरुमसिल्ली, न्यू रूद्री बैराज और सोंढूर बांध वर्तमान में पूरी तरह से लबालब हो चुके हैं। बीते दो दिनों में हुई लगातार बारिश के कारण जलाशयों में अत्यधिक पानी आया है, जिससे बांधों के गेट खोलकर उसे नियंत्रित किया जा रहा है। इधर प्रदेश के दो दर्जन से अधिक बांधों में पानी की आवक बढ़ने से छलकने लगे हैं। वर्तमान में बांधों में 92.31 प्रतिशत जल भराव है।

मिनी माता बांगो बांध में अभी 90 प्रतिशत जलस्तर है। वहीं गंगरेल बांध की स्थिति देखें तो पता चलता है कि अभी 98 प्रतिशत जल भराव था। पिछले दिनों जल स्तर बढ़ने के कारण चार दरवाजे खोल दिए गए थे। अब मिनीमाता बांगो बांध का जल स्तर घटकर 90 प्रतिशत हो गया है। जलस्तर और आवक कम होने से गेट बंद कर दिए गए हैं। बांध के पानी का औद्योगिक और सिंचाई के लिए उपयोग को देखते हुए जलस्तर को मेंटेन करने का कार्य सिंचाई विभाग के अफसर कर रहे हैं।

**गंगरेल के 12 गेट खोलकर 55 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा**



### अंतिम चरण पर मानसून

छत्तीसगढ़ में चालू मानसून अंतिम पढ़ाव पर है। मई माह से शुरू हुए मानसून पहले तो सामान्य ढंग से चला। जून माह में 17 प्रतिशत कम बारिश होने के कारण लगा कि इस बार बारिश में कमी आई। जुलाई माह में दस दिन के मानसून ब्रेक किसानों की फसलों को नुकसान होने की आशंका बनी हुई थी। जुलाई माह के अंत और अगस्त की शुरुआत में अच्छी बारिश ने इस कमियों को पूरा कर दिया। अब बांधों में लबालब पानी है। सिंतबर के अंत में मानसून की तीव्रता कम होने के कारण अब मानसून अंतिम चरण पर आ गया है।

### ये बांध हुए लबालब

छत्तीसगढ़ में अब तक हुई बारिश से जो बांध लबालब हो गए हैं, उनमें तांदूला, खारंग, मुरुमसिल्ली, मनियारी, कोसारटेडा, परलकोट, घोंघा, खमारपाकुट, बांकी, कुंवरपुर, बेहराखार, खपरी, धारा, रूसे, तांदूला, किनकारी, छीरपानी, मोगरा बैराज, मटियामोती, गेज टेंक, बरनई, फुटकानाला, कर्रानाला, पिपरिया नाला, गोंदली, केदार नाला और खरखरा जलाशयों में 100 प्रतिशत जल भराव हो गया है। इन बांधों में से कुछ बांधों में जलस्तर को बनाए रखने नहरों के माध्यम से पानी छोड़े जाने की जानकारी आई है। मानसून सीजन के अब अंतिम दौर में आने पर विभाग जलस्तर को बनाए रखने का प्रयास कर रहा है।

### यहां 90 प्रतिशत से अधिक पानी

वहीं प्रदेश के आधा दर्जन से अधिक बांधों में जलस्तर 90 प्रतिशत से अधिक हो गया है। इनमें मिनीमाता बांगों में 90.37, गंगरेल 98.37, सिकासार 94, मनियारी 98 और मयाना में 95 प्रतिशत जल का भराव है। इनमें से कुछ बांध ऐसे है जहां पर कैचमेंट एरिया से पानी आने के कारण नहरों के माध्यम से नदी में पानी छोड़ा जा रहा है।

# कलेक्टर-एसपी कांफ्रेंस का मुख्य एजेंडा होगा गुड गवर्नेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 12 से 14 अक्टूबर तक रायपुर में कलेक्टर-एसपी की बैठक लेंगे। इस बैठक का मुख्य एजेंडा गुड गवर्नेंस रखा गया है। सरकार की मंशा है कि इस बैठक के जरिए विकास योजनाओं की प्रगति, कानून-व्यवस्था की स्थिति और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की समीक्षा हो। कलेक्टर, एसपी और डीएफओ की संयुक्त मौजूदगी से यह तय किया जा सकेगा कि जमीनी स्तर पर योजनाएं किस तरह से लागू हो रही हैं। इससे न केवल प्रशासनिक कार्यों की गति तेज होगी, बल्कि जनता का विश्वास भी मजबूत होगा। बैठक में विभागीय तालमेल को प्राथमिकता दी जा रही है, इससे शासन व्यवस्था में पारदर्शिता भी बढ़ेगी। बैठक में वन विभाग के अधिकारी, विशेषकर सभी डिविजनों के डीएफओ (वन मंडलाधिकारी) भी शामिल होंगे। यह पहली बार होगा जब कलेक्टर-एसपी की बैठक में डीएफओ को औपचारिक रूप से शामिल किया जा रहा है। बैठक उद्देश्य प्रशासनिक और विकास कार्यों में बेहतर समन्वय स्थापित करना है। नवनियुक्त मुख्य सचिव विकास शील ने पदभार संभालते ही अधिकारियों को स्पष्ट संदेश दिया था कि भ्रष्टाचार के मामलों में सरकार की नीति जीरो टॉलरेंस होगी। उन्होंने कहा था कि सभी अधिकारी अपने कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही बरतें। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में होने वाली यह बैठक राज्य की प्रशासनिक कसावट और को नई दिशा देने का एक बड़ा मंच साबित होगी।

- तीन चरणों में 12 से 14 के बीच कलेक्टर, एसपी और डीएफओं की मौजूदगी में होगी



### तीन चरणों में होगी

यह तीन चरणों में होगी, पहले चरण में 12 अक्टूबर को कलेक्टरों की बैठक आयोजित होगी। 13 अक्टूबर को कलेक्टरों के साथ एसपी और डीएफओ भी शामिल रहेंगे। इसके बाद 14 अक्टूबर को राज्य स्तरीय सुशासन शिखर सम्मेलन होगा, जिसमें मुख्यमंत्री सुशासन के विभिन्न पहलुओं पर मार्गदर्शन देंगे। सम्मेलन से उम्मीद है कि प्रशासनिक व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही को मजबूती मिलेगी।

### *योजनाओं की प्रगति जनकल्याण कार्यक्रम की समीक्षा*

*सरकार की मंशा है कि बैठक के जरिए विकास योजनाओं की प्रगति, कानून-व्यवस्था की स्थिति और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की समीक्षा होगी। कलेक्टर, एसपी और डीएफओ की संयुक्त मौजूदगी से यह तय किया जा सकेगा कि जमीनी स्तर पर योजनाएं किस तरह से लागू हो रही हैं। इससे न केवल प्रशासनिक कार्यों की गति तेज होगी बल्कि जनता का विश्वास भी मजबूत होगा। विशेषज्ञों का मानना है कि यह बैठक एक ऐतिहासिक पहल साबित हो सकती है, क्योंकि इसमें विभागीय तालमेल को प्राथमिकता दी जा रही है। इससे न केवल भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा, बल्कि शासन व्यवस्था में पारदर्शिता भी बढ़ेगी।*




उपचार से संबंधित सीजर्स सहित अन्य जरूरी सामान की कमी, होता है अक्सर विवाद

# हरिभूमि रायपुर भूमि



## ये है इमरजेंसी वार्ड, इलाज की जरूरत पहले इसी को, वेंटिलेंटर सिर्फ आठ, पल्स मशीन खराब, सर्जरी के लिए कैंची की भी कमी

*बीस बेड का इमरजेंसी विभाग 24 से 48 घंटे ड्यूटी करने वाले जूनियर डाक्टरों के भरोसे*

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

गंभीर हालत में आने वाले मरीजों को तत्काल उपचार की सुविधा देने वाले इमरजेंसी विभाग को खुद आपातकाल में इलाज की जरूरत है। आंबेडकर अस्पताल के बीस बेड के इमरजेंसी डिपार्टमेंट सीमित वेंटिलेटर और बिगड़े पल्स मॉनिटर के भरोसे चल रहा है। सामान्य इलाज में उपयोग होने वाली सीजर्स (कैंची) से लेकर अन्य जरूरी सामान का टोटा है। सीनियर डाक्टरों की दिलचस्पी नहीं होने के कारण जूनियर डाक्टर 24 से 48 घंटे ड्यूटी कर मरीजों का इलाज कर रहे हैं। सामान्य बीमारियों लेकर आने वाले मरीजों को आंबेडकर अस्पताल की ▸▸ शेष पेज 19 पर

### एक्स-रे मशीन खराब तो लगाना पड़ रहा चक्कर

वैसे तो इमरजेंसी वाले मरीजों के लिए यहां पृथक से एक्स-रे मशीन की व्यवस्था है। पुरानी होने के कारण उसमें अक्सर खराबी आ जाती है। ऐसी स्थिति में मरीज ▸▸ शेष पेज 19 पर

### और बन गई विवाद की स्थिति

शुक्र-शनिवार की दरम्यानी रात इलाज के लिए काफी संख्या में गंभीर मरीज पहुंचे। इमरजेंसी के वेंटिलेटर बुक होने की वजह से मौजूद डाक्टरों को दूसरे विभाग से इसका इंतजाम करना पड़ा। देर रात एक मरीज की मौत के बाद पहुंचे परिजनों ने हंगामा करने का प्रयास किया।

### रेड, यलो जोन ठंडा पड़ा

करीब दो साल पहले मरीजों की गंभीरता और उपचार की सुविधा के हिसाब से यहां रेड, यलो जोन की सिस्टम बनाया गया था। वहां विभिन्न तरह की सुविधा जुटाने के दावे भी किए गए थे जो अब तक अधूरे हैं। आने वाले मरीजों का इलाज पुराने ढर्रे पर किया जाता है।

### व्यवस्था की जा रही

वेंटिलेटर की संख्या लगातार बढ़ाई जा रही है। इसके अलावा पांच नये पल्स मॉनिटर विभिन्न विभाग में लगाए गए और सीजीएमएससी को सप्लाई के लिए कहा गया है। अन्य जरूरी सुविधाओं पर भी ध्यान दिया जा रहा है। आने वाले दिनों में इमरजेंसी एवं ट्रामा का नया भवन बनाने का काम भी शुरू किये जाने की योजना है।

- **डा. संतोष सोनकर**, चिकित्सा अधीक्षक, आंबेडकर अस्पताल

## विंटर शेड्यूल माहांत से, रायपुर को इस बार भी निराश न कर दें विमानन कंपनियां

**रायपुर**। अक्टूबर अंत से अगले पांच माह के लिए लागू होने वाले विंटर शेड्यूल में विमानन कंपनियां राजधानी रायपुर को निराश ना कर दें..। नए शहरों के लिए पर्याप्त संख्या में यात्री मिलने की संभावनाओं पर ट्रैवल्स कारोबारियों ने एयर लाइंस कंपनियों को अपनी सिफारिश भेजी है। इसमें जयपुर की सीधी प्लाइट के साथ पटना, गुवाहाटी की सीधी फ्लाइट की मांग शामिल है। विमानन कंपनियों ने कई बड़े शहरों से सीधी उड़ान सेवा शुरू करने की घोषणा करना शुरू कर दी है। ट्रैवल्स कारोबारियों का कहना है कि अक्टूबर के तीसरे और चौथे सप्ताह में दीपावली है। इस दौरान काफी संख्या में व्यावसायिक और पारिवारिक कारणों से लोगों की आवाजाही होती है। कई कंपनियां इसे ध्यान में रखते हुए नए शहरों की उड़ान त्योहारी सीजन में ही शुरू करने की तैयारी कर चुकी हैं। जिन शहरों के लिए फ्लाइट का शेड्यूल जारी हो चुका है, वहां के लिए बुकिंग भी प्रारंभ कर दी गई है।

## कारोबारी के जानकार थे लुटेरे ! नाम लेकर दरवाजा खुलवाया, फिर मचाई लूटपाट

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

सराफा में डेढ़ करोड़ की चांदी की सनसनीखेज लूट ने सराफा काराबोरियों को बेचैन कर दिया है। दो थानों के करीब हुई इस घटना ने त्योहारी सुरक्षा इंतजामों की पोल खोल दी है। लुटेरे अपने साथ डीवीडी भी ले गए हैं। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस तथा फोरेंसिंक एक्सपर्ट की टीम को बदमाशों के बारे में किसी तरह से कोई सुराग नहीं मिला है। पुलिस घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फूटेज की पड़ताल कर रही है।

बदमाश पीछे की दीवाल फांदकर कारोबारी के मकान के अंदर दाखिल हुए। घटना स्थल के पास पुलिस को एक रस्सी मिली है। रस्सी की लंबाई पांच फीट के करीब बताई जा रही है। कारोबारी के फ्लैट में सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर ले जाने की वजह से पुलिस घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर रही है।

दीपावली पर्व को देखते हुए एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह ने सभी थानों की पुलिस को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं।



### इन बिंदुओं पर जांच कर रही है पुलिस

कारोबारी से लूट की घटना को सुलझाने पुलिस की टीम तीन से चार बिंदुओं को फोकस करते हुए जांच कर रही है। जांच के जो बिंदु तय किए हैं, उसमें कारोबीरी के पिछले 48 घंटों के मूवमेंट की जानकारी, सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल, बदमाशों द्वारा घटना के पूर्व तथा घटना के बाद भागने के संदिग्ध मार्गों की पहचान कर उन इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल। इसके अलावा कारोबारी के लेन-देन को लेकर पुलिस पड़ताल कर रही है।

### बदमाश कारोबारी को पूर्व से जानते थे

जिन बदमाशों ने कारोबारी के साथ लूट की है, वे बदमाश कारोबारी को पूर्व से जानते थे। यही कारण है कि कारोबारी द्वारा दरवाजा नहीं खोलने पर बदमाशों ने कारोबारी को नाम लेकर पुकारा और दरवाजा खुलवाया। कारोबारी कब-कब आगरा से माल मंगाता था, इस बात की पड़ताल करने के बाद बदमाशों ने कारोबारी के साथ लूट की।

### फ्लैट में सामान बिखरा पड़ा मिला

कारोबारी ने चांदी के जेवर अलग-अलग प्लास्टिक के डिब्बों में भरकर रखा हुआ था। फ्लैट की जांच करने पहुंची पुलिस को फ्लैट के अंदर का सारा सामान बिखरा पड़ा मिली। बदमाश प्लास्टिक के डिब्बों में रखे जेवर को निकालकर खाली डिब्बे फ्लैट के अंदर ही छोड़ गए। मौके पर पहुंची डॉग स्क्वाड की टीम कुछ दूर जाने के बाद लौट गई।

### फैक्ट्री मालिक को पूछताछ करने तलब किया

पुलिस के अनुसार कारोबारी आगरा के जिस फैक्ट्री से चांदी के जेवर लाकर बेचता था, उसे भी पूछताछ करने तलब किया गया है। कारोबारी राहुल, फैक्ट्री मालिक के साथ कमीशन पर काम करता था। कारोबारी के साथ जो लूट की घटना हुई है, उसका भुगतान राहुल ने फैक्ट्री मालिक को किया है या बेचने के बाद पैसा देता, इस बात की जानकारी फैक्ट्री मालिक से पूछताछ के बाद होगी।

## सूने मकान में चोरों का धावा, कैश-जेवर किए पार

**रायपुर**। सेजबहार थाने में अज्ञात चोर एक महिला के घर में धावा बोलकर घर के अंदर रखे कीमती जेवर तथा नकदी चोरी कर ले गए। महिला के पड़ोसियों की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। डूंडा, मिलन विहार कालोनी निवासी आरती श्रीवास्तव की पड़ोसी महेश्वरी साहू ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। महेश्वरी ने पुलिस को बताया कि आरती अपने मकान की देखरेख करने घर की चाबी छोड़कर परिवार सहित जबलपुर गई हैं। शनिवार को घर के पीछे की तरफ का दरवाजा टूटा हुआ दिखने पर महेश्वरी अपनी एक अन्य पड़ोसी महिला के साथ आरती के घर गई तो उसने देखा कि अज्ञात चोर घर में रखे कीमती सामान सहित नकदी चोरी कर ले गया है।

BMC
बी.एम. कॉलेज
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) से संबद्ध
विगत वर्षों में 100% परीक्षा परिणाम
B.Ed.
कॉलेज कोड-114336
ऑनलाइन काउंसलिंग, अंतिम तिथि : 05/10/25
गोकुल नगर, पुलगाँव (शासकीय आई.टी.आई. के पीछे), दुर्ग
Mob. : 87706-38793, 93403-11314, 93038-93829, 93008-50065
Sai समर्थ डेव्हलपर्स & बिल्डर्स
प्लॉट, फॉर्म हाउस, खेत, मकान, फ्लैट
लुचकी चौक, तमेर पारा, दुर्ग (छ.ग.), मो.- 9303893829, 7000786116





शहर के गुढ़ियारी स्थित अवधपुरी मैदान में श्रीमंत हनुमंत कथा के पहले दिन भक्तिमय माहौल रहा। श्री बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर के स्वागत में लोग एयरपोर्ट से लेकर भारत माता चौक पर भी हजारों की तादाद में पहुंचे। कथा के पहले दिन विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उनकी धर्मपत्नी वीणा सिंह, धर्मस्व मंत्री राजेश अग्रवाल, दक्षिण कौशल पीठाधीश्वर महंत राजीवलोचन दास प्रमुख रूप से मंचस्थ रहे। आयोजक परिवार के सदस्य लखी प्रसाद अग्रवाल, माधुरी देवी अग्रवाल, चंदन-बसंत अग्रवाल, अनिता चंदन अग्रवाल, रितु-बसंत अग्रवाल ने मंच पर स्वागत किया।

# घंटी बजाना और केवल पूजा करना ही नहीं अधर्म के खिलाफ आवाज उठाना भी धर्म

## बागेश्वर धाम प्रमुख पं. शास्त्री से मिलने एयरपोर्ट समेत भारत माता चौक पर भी उमड़ी भीड़, स्वागत में बरसाए फूल

**रायपुर।** शनिवार को बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने आसंदी पूजन और आरती के बाद श्रद्धालुओं से माफी मांगते हुए कहा कि मुरैना से एयरपोर्ट आने में तीन घंटे लग गए, क्योंकि रास्ते में तीस हजार लोग थे। इसलिए छत्तीसगढ़ की पावन धरा पर देरी से पहुंचे। कल से हम टाइम पर आ जाएंगे। बालाजी महाराज से लोगों के लिए आशीर्वाद मांगते हुए कहा कि ऐसी ही कृपा यहां के लोगों पर हमेशा बनाए रखें। कथा की शुरुआत करते हुए कहा कि जो कीर्तन नहीं गाता, जो धीरे-धीरे भी नहीं गाता है, उसके भीतर का पाप बाहर निकल आता है और जो धीरे-धीरे गाता है, उसके भीतर कीर्तन अपने आप घुस जाता है। अगर तुम बगल वाले का पाप अपने भीतर प्रवेश कराना चाहते हो तो धीरे-धीरे कीर्तन करो। हास्य संवाद के बीच पं. शास्त्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ की धरा से कथा की शुरुआत की थी और फिर वहीं वापस आ गए। तीन साल पहले यहीं से कथा शुरू किए थे, इसका मतलब हुआ कि लौट के बुद्धू घर को आए। हम अपने मामा गांव में आए हैं, इसलिए हम तो छत्तीसगढ़ के भांचा हैं। यही वह जगह है, जहां पहली बार कथा हुई थी, वही पंडाल और हमने यहां से हुंकार भरी कि हम तुम्हें हिंदू राष्ट्र देंगे, बस करवाने वाला यजमान बदल गया।





### कल लगेगा बालाजी का दिव्य दरबार

6 अक्टूबर को सुबह 11 बजे बागेश्वरधाम पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का दिव्य दरबार दही-हांडी उत्सव स्थल अवधपुरी मैदान में लगेगा। जहां वे लोगों की समस्याओं का निवारण करेंगे। वहीं 7 अक्टूबर को सुबह 9 बजे बागेश्वरधाम पीठाधीश्वर दीक्षा देंगे। जो भक्त महाराज से दीक्षा ग्रहण करना चाहते हैं, वे रविवार सुबह 9 बजे से 6 अक्टूबर कथा विश्रांति तक अपना पंजीयन करा सकते हैं। पंडाल के बाहर बागेश्वरधाम का कार्यालय बना हुआ है, दीक्षा लेने के लिए लोग वहां से संपर्क कर सकते हैं।

### पांच हजार से ज्यादा वॉलंटियर्स तैनात

आयोजन का हिस्सा बनने के लिए जहां अच्छी व्यवस्था के साथ चार डोम सजाए गए हैं। आने वाले कथा श्रोताओं को पार्किंग से लेकर कथास्थल ही नहीं, भोग भंडारे की जिम्मेदारी पांच हजार से ज्यादा वॉलंटियर्स और बाउंसर संभाल रहे। पुलिस प्रशासन की चौकस सुरक्षा वीआईपी मूवमेंट की वजह से देखने को मिली। कथास्थल तक पहुंचने के लिए अलग-अलग गेट से प्रवेश दिया गया। मुख्य मार्ग की आवाजाही बाधित न होने पाए, इस लिहाज से कारों का प्रवेश वर्जित किया गया है।



### पार करने के बाद मिलता है मानव तन

बड़े भाग्य से मनुष्य तन मिलता है। जिंदगी में आपने जो मनुष्य तन पाया है, उस पर इतराओ, विचार करो कि भैंसिया बने होते और कहीं बंधे होते, घोड़ा बने होते तो कहीं नाच रहे होते किसी की शादी में। मानव तन 84 लाख योनियों को पार करने के बाद मिला है। यह आपका सौभाग्य है कि मनुष्य तन भगवान ने आपको दिया, यह पहला भाग्य हुआ। दूसरा भाग्य मनुष्य तो बनाया, लेकिन बांग्लादेश का नहीं बनाया न पाकिस्तान का, बनाया तो भारत का। पाकिस्तान में होते तो बम बना रहे। मुरैना में दिए बयान को कुछ मीडिया संस्थानों ने उलटा चला दिया। उससे कोई फर्क नहीं पड़ता। कहा, पाकिस्तान घर वापसी कर ले और भारत के साथ मिल जाए। सच यह भी है कि बेटा-बाप से नहीं तो क्या अंकल से मिलने जाएगा।

### परिवर्तन तब होगा जब कथा चित्त में बैठेगी

पं. शास्त्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ के लोगों, घण्टी बजाना, पूजा करना केवल यही धर्म नहीं है, अधर्म के खिलाफ आवाज उठाना भी धर्म है। अगर अधर्म के खिलाफ आवाज नहीं उठाएंगे तो धार्मिक नहीं हो। घण्टी बजाना धर्म नहीं है, वह तो पूजा है। पूजा-पाठ करना कर्मकाण्ड है, लेकिन धर्म के लिए जीना, धर्म के रास्ते पर जीना और धर्म के खिलाफ होने वाले प्रत्येक काम पर प्रतिक्रिया देना, प्रत्येक प्रवृत्ति पर अपनी जोर से प्रतिक्रिया देना भी धर्म है। मनुष्य का तन पाया, बहुत अच्छी बात है, कथा में आए यह और अच्छी बात है। कथा में आकर बैठ गए हो, अगर अंतर्मन में कथा न बैठी तो कथा में बैठना बेकार है। कथा में बैठना महत्वपूर्ण नहीं है, कथा तुम्हारे दिल में बैठे, यह महत्वपूर्ण है। जीवन में परिवर्तन तब होगा जब कथा चित्त में बैठेगी।

## लाइव इवेंट

### नासा इंटरनेशनल स्पेस एप्स चैलेंज शुरू छत्तीसगढ़ से 200 से अधिक प्रतिभागी



**रायपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में शनिवार को 'नासा इंटरनेशनल स्पेस एप्स चैलेंज- 2025' का आयोजन किया गया। पहली बार छत्तीसगढ़ राज्य में आयोजित यह विश्व का सबसे बड़ा वार्षिक वैश्विक हैकाथॉन राज्य की तकनीकी क्षमताओं को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर प्रदर्शित कर रहा है। दो दिवसीय आयोजन में देशभर से 400 से अधिक प्रतिभागियों ने ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यमों से हिस्सा लिया, जिनमें से 200 से अधिक प्रतिभागी छत्तीसगढ़ से रहे। नवाचार महोत्सव का आयोजन एनआईटी रायपुर के सेंटर ऑफ स्पेस एंड इंटरप्लेनेटरी एक्सप्लोरेशन और इनोवेशन सेल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया, जो निरंतर 48 घंटे तक जारी रहेगा।



#### विद्यार्थियों को अंतरिक्ष विज्ञान के नवाचार तकनीकों की जानकारी

प्रतिभागियों ने नासा और इसरो जैसे संस्थानों द्वारा तैयार ओपन-सोर्स डेटा का उपयोग कर अंतरिक्ष अन्वेषण और सतत विकास से संबंधित नवाचारी समाधान प्रस्तुत किया। इस आयोजन के माध्यम से संस्थान ने छत्तीसगढ़ के वैश्विक अंतरिक्ष नवाचार के मानचित्र पर स्थापित करने में उल्लेखनीय भूमिका निभाई है। उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि एनआईटी निदेशक डॉ. एबी सोनी, विशेष अतिथि कॅरियर डेवलपमेंट सेंटर से डॉ. समीर बाजपेई रहे। इस अवसर पर इनोवेशन सेल एवं कॉसाइन से डॉ. सौरभ गुप्ता, इंस्टिट्यूशन इनोवेशन काउंसिल से डॉ. रम्या सेल्वा राज छात्रों को मार्गदर्शन के लिए मौजूद रहे। डॉ. सौरभ गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष एनआईटी को छत्तीसगढ़ के लोकल लीड के रूप में चुना गया है, जो संस्थान के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि 80 प्रतिभागियों ने परिसर में प्रत्यक्ष रूप से प्रतियोगिता में भाग लिया है। डॉ. एबी सोनी ने कहा कि नवाचार नेतृत्व और सहयोग से उत्पन्न होता है, जो समाज पर वास्तविक प्रभाव डालता है। उन्होंने छात्रों से राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने की दिशा में प्रयास करने का आह्वान किया।

## सिटी इवेंट

### मिसरी सूं मीठी बांता थारी मन है प्रेम को झरणों सा...



**रायपुर।** आजा रे आजा चंदा, तेरी हर ख्वाहिश पूरी होगी...तेरे लई ही पाया चूड़ा तेरे लई ही बिंदिया...करवाचौथ थीम पर तैयार एकल नृत्य की प्रस्तुति के दौरान सभागार में मौजूद महिलाएं भी खुद को थिरकने से रोक न सकीं। जहां सोलह श्रृंगार और पारंपरिक परिधानों में महिलाएं कार्यक्रम में शामिल हुईं। शनिवार को संगिनी महिला मंडल द्वारा 'संगिनी करवाचौथ सेलिब्रेशन' का आयोजन किया गया। भव्य कार्यक्रम में सौ से अधिक महिलाओं ने हिस्सा लिया, जो करवाचौथ थीम पर सजी नजर आईं।

#### बंधनी साड़ी और मारवाड़ी चुनरी में सजीं महिलाएं

समता कॉलोनी स्थित गायत्री मंदिर परिसर में आयोजित प्री-करवाचौथ सेलिब्रेशन में महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में पहुंचीं। बंधनी साड़ी और मारवाड़ी चुनरी में सजी महिलाओं ने चरण की धूल ले लूं, मैं मेरे भगवान आए हैं..मिसरी सूं मीठी बांता थारी, मन है प्रेम को झरणों सा..आवो जी आवो जी घूमार्दी खेलबा ने..जैसे पारंपरिक गीतों पर लोकनृत्य की प्रस्तुति की। नृत्य प्रतियोगिता में अपनी शानदार प्रस्तुति से रेणु टावरी ने प्रथम पुरस्कार हासिल किया, वहीं कविता राठौर द्वितीय विजेता बनीं।



#### करवाचौथ क्वीन बनीं प्रियंका


कार्यक्रम में पारंपरिक त्योहार की सुंदर झलक देखने को मिली, जहां मंच पर लोकगीतों की सुमधुर धुनों पर महिलाओं ने घूमर और पारंपरिक नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। सभागार में सेल्फी जोन को फूलों से सजाया गया, जहां महिलाएं हाथों में पूजन का थाल लिए यादगार फोटो लेते दिखीं। देर रात तक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में सौ से अधिक महिलाओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। करवाचौथ क्वीन स्पर्धा में प्रियंका प्रथम और कविता राठी द्वितीय विजेता रहीं। वहीं गेम्स में कनक पसानिया, मधु जैन, श्रुति बंसल और शशि अग्रवाल ने जीत हासिल की।

## दीपावली बाजार से सजा सूत्रा एग्जीबिशन दूसरे दिन भी देर रात तक चली खरीदारी



**रायपुर।** तीन दिवसीय सूत्रा इंडियन फैशन एग्जीबिशन के दूसरे दिन लेट नाइट तक स्टॉल्स पर खरीदारी का सिलसिला जारी रहा। खास अवसर पर 90 से अधिक स्टॉल सजे, इसमें फैशन डिजाइनर की यूनिक व एंटीक ड्रेस, आर्टिफिशियल ज्वेलरी और साज-सज्जा शामिल रही। इस मौके पर डेकोरेटिव स्टॉल्स पर सबसे अधिक भीड़ देखने को मिली, जहां चमकदार लेस, क्रिस्टल मोती, मिरर, स्टोन और जरी वर्क से सजे तोरण की डिमांड सबसे अधिक रही। बेबीलॉन इंटरनेशनल में आयोजित तीन दिवसीय फैशन एग्जीबिशन का रविवार को अंतिम दिन है।





### फेस्टिव सीजन में कस्टमाइज्ड ज्वेलरी महिलाओं की पसंद

*दीपावली के खास अवसर पर मुंबई, दिल्ली, बनारस, कोलकाता, जयपुर और गुजरात समेत कई शहरों के व्यापारियों ने स्टॉल सजाए हैं। इसमें डिजाइनर साड़ी, कुर्ती, कॉर्ट सेट, गाउन मुख्य आकर्षण का केंद्र है। फैशन बाजार में मजेंटा, फिरोजी और गोल्ड जैसे गहरे, चमकीले फेस्टिव शेड्स के पारंपरिक परिधान लोगों की पहली पसंद बने हुए हैं। फेस्टिव सीजन में नेचुरल डायमंड और सेलिब्रिटी-इंस्पायर्ड डिजाइन कस्टमाइज्ड ज्वेलरी ने महिलाओं का ध्यान केंद्रित किया, जिन्होंने कुंदन, मारवाड़ी, राजस्थानी, राजपूती, इंडो वेस्टर्न ज्वेलरी की खरीदी की गई।*

## फूड फॉर हंगर-लंगर से सजा शिविर अच्छी सेहत के लिए किया सजग

**रायपुर।** लायंस क्लब रायपुर कैपिटल द्वारा बाल गोपाल हॉस्पिटल में मानसिक स्वास्थ्य एवं जागरूकता अभियान के अंतर्गत पौष्टिक आहार से भरपूर 'फूड फॉर हंगर-लंगर' का आयोजन किया। इस अवसर पर मरीजों और उनके परिजनों को भी मानसिक तनाव से जूझने एवं मानसिक संतुलन बनाए रखने के लिए सलाह दी गई। बताया गया कि अच्छी सेहत के लिए पौष्टिक आहार जरूरी है। साथ ही प्रेरणादायक स्लोगन से युक्त बैनर पढ़कर लोग अत्यंत प्रसन्न हुए और उनमें सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। इस आयोजन मे क्लब की वरिष्ठ पास्ट प्रेसिडेंट लायन प्रीति पांडेय ने उपस्थित लोगों को संघर्षों के बीच जीवन जीने की कला सिखाई। क्लब प्रेसिडेंट लायन कनीज सिद्दीकी ने सभी को प्रेरणादायक सलाह देते हुए कहा, यह प्रण लें कि हर परिवार में खुशियां बांटेंगे।



### क्लब की टीम ने बढ़ चढ़कर भाग लिया

इस आयोजन को सफल बनाने में पास्ट प्रेसिडेंट लायन शीला भंसाली एवं लायन मंजू पारेख द्वारा टीमवर्क किया गया। अवसर को खास बनाने के लिए क्लब की टीम ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इनमें प्रमुख रूप से लायन जया सूर, प्रीति पांडेय, मंजू पारेख, संतोष गुप्ता और भोजराज साहू ने व्यवस्था की कमान संभालते हुए आयोजन को सफल बनाने में सूत्रधार की तरह काम किया। पौष्टिक आहार को तैयार करने के बाद उसे अस्पताल तक पहुंचाने की कड़ी के रूप में तय जिम्मेदारी को सभी मेंबर्स ने मिलकर पूरा किया।

## महाराष्ट्र मंडल की 90वीं वर्षगांठ पर संत ज्ञानेश्वर सभागृह में नाट्य मंचन

# 'मैं अनिकेत हूं'..., अदालत के कटघरे में गूंजी पहचान की पुकार

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** मायूसी से भरा जख्मी चेहरा, नम आंखें और सन्नाटे को चीरती एक तेज आवाज... मैं अनिकेत हूं... मैं अनिकेत हूं... और मैं अनिकेत ही हूं...जैसे ही गूंजती है, संत ज्ञानेश्वर सभागृह में बैठे रंगप्रेमी दर्शकों के बीच कुछ पल के लिए गहरा सन्नाटा छा जाता है। फिर अचानक तालियों की गूंज उठती है, जो कई मिनटों तक थमती ही नहीं। यह दृश्य था महाराष्ट्र मंडल के कुमुदिनी वरवंडकर स्मृति रंगमंच पर मंचित हिंदी नाटक 'मैं अनिकेत हूं' का। इस नाटक में मराठी और हिंदी रंगमंच के वरिष्ठ कलाकार शशि वरवंडकर ने न सिर्फ केंद्रीय भूमिका अनिकेत को जीवंत किया, बल्कि इस प्रस्तुति से उन्होंने निर्देशन के क्षेत्र में भी अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराई। यह उनके निर्देशन की पहली प्रस्तुति थी, जिसे दर्शकों ने भरपूर सराहा। नाटक में नम आंखों से चीखते हुए युवक का संवाद 'जरा मेरी भी तो सोचें... मैं मरकर जिंदा हूं और जिंदा होकर भी मरा हुआ हूं। यह कैसी विडंबना है...' दर्शकों को सोचने पर विवश कर देता है कि आखिर अदालत के कटघरे में खड़ा यह युवक वास्तव में है कौन... ?







### अभिनय ने दर्शकों को दो घंटे बांधे रखा



महाराष्ट्र मंडल के कुमुदिनी वरवंडकर स्मृति रंगमंच पर मंचित हिंदी नाटक मैं अनिकेत हूं में कलाकार शशि वरवंडकर ने न सिर्फ निर्देशन की कमान संभाली, बल्कि अनिकेत की भूमिका में अपने सधे हुए अभिनय से दर्शकों को शुरू से अंत तक बांधे रखा। नाटक में एक ऐसे युवक की कहानी है, जो अपनी पहचान दोबारा स्थापित करने के लिए संघर्ष करता है। बता दें कि करीब 23 साल पहले भी शशि इसी नाटक में अनिकेत की भूमिका निभा चुके हैं। इस बार भी उन्होंने मंच पर अपनी गहरी पकड़ और भावनात्मक अभिव्यक्ति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### नाटक ने दर्शकों के मन में छोड़ी गहरी छाप

मीनाक्षी शर्मा की भूमिका में डॉ. अनुराधा दुबे ने फिर से अपनी प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज कराई, जबकि वकील भारद्वाज की भूमिका में चेतन गोविंद दंडवते ने मंच पर अपनी पकड़ दिखाते हुए दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। सावित्री बाई की भूमिका में भारती पलसोदकर के हिंदी-मराठी संवादों ने नाटक को सांस्कृतिक गहराई दी, वहीं डॉ. शिरोडकर की भूमिका में आचार्य रंजन मोड़क ने अपने ओजपूर्ण संवादों से दर्शकों को खूब प्रभावित किया। करीब 90 मिनट की इस प्रस्तुति ने अभिनय, निर्देशन और संवाद अदायगी के स्तर पर दर्शकों के मन में गहरी छाप छोड़ी।

### ये रहे उपस्थित

वरिष्ठ रंगसाधक प्रकाश खांडेकर, दिलीप लांबे, रंजन मोडक, डॉ. प्रीता लाल, रविंद्र ठेंगड़ी अपनी-अपनी भूमिकाओं में जमे। 'मैं अनिकेत हूं' के माध्यम से समीर टल्लू, भारती पलसोदकर, विनोद राखुंडे, पंकज सराफ, श्यामसुंदर खंगन, डॉ. अभया जोगलेकर हिंदी रंगमंच का अपना सफर शुरू कर रहे हैं। अजय पोतदार व प्रवीण क्षीरसागर की सेट डिजाइन पूरे नाटक में वास्तविक कोर्ट रूम का एहसास कराती है। रूप सज्जा दिनेश धनकर, वेशभूषा डॉ. अभया जोगलेकर, प्रकाश व्यवस्था लोकेश साहू व नितिन यादव, संगीत चैतन्य मोड़क और नेपथ्य अस्मिता कुसरे, रंजना ध्रुव का भी सहयोग प्रशंसनीय रहा।

## अंजोर लोककला मंच का कार्यक्रम कल

रायपुर। सनातनी सेवा समिति महावीर नगर द्वारा महावीर नगर चौक पर नवरात्रि, दशहरा एवं शरद पूर्णिमा के अवसर पर भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध "अंजोर लोक कला मंच" की गरिमा और स्वर्णा दिवाकर द्वारा भव्यता के साथ 6 अक्टूबर को रात्रि 9 बजे से प्रस्तुत किया जाएगा। अध्यक्ष प्रकाश साहू, उपाध्यक्ष त्रिलोकी साहू, संरक्षक प्रदीप कौशिक एवं सनातनी सेवा समिति के सभी सदस्यों ने अधिक से अधिक संख्या उपस्थिति का आग्रह किया है।

# दीदी पश्चिम बंगाल में आने से रोक रही, जिस दिन दादा आएंगे उस दिन जरूर जाएंगे, छेड़ोगे तो छोड़ेंगे नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**श्री बागेश्वर धाम पीठाधीश पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री एयरपोर्ट पर ही नहीं, मंच पर से भी**



बागेश्वर धाम से पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के आगमन की बाट जोह रहे आयोजकों के बीच एयरपोर्ट पर उतरने के बाद महाराज अपने अंदाज में नजर आए। उनका गुढ़ियारी के भारत माता चौक पर सनातन धर्मियों और आयोजकों ने भव्य स्वागत किया। इस बीच मीडिया के सवालों का जवाब भी बागेश्वर धाम पीठाधीश अपने अंदाज में देते हुए गरजे। कहा, राम का पोस्टर जलाने वालों ही नहीं, बल्कि आई लव मोहम्मद का जयघोष करने वालों को भी आई लव महादेव के लिए तैयार रहना चाहिए। तमिलनाडु से पश्चिम बंगाल तक सनातन धर्मानुरागियों के साथ किए गए अत्याचार के बाद रास्ता रोक रहे हैं।

भारत माता चौक पर धर्म की अलख जगाने के लिए पहुंचे पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री से आशीष लेने के लिए धर्म प्रेमियों की भीड़ उमड़ी। गुढ़ियारी के अवधपुरी मैदान पर श्रीमंत हनुमंत कथा के लिए रवाना होने से पहले भी महाराज ने एक सवाल के जवाब में कहा कि सनातन धर्मानुरागी कभी किसी से द्वेश नहीं रखते, लेकिन अगर छेड़ेंगे तो छोड़ा नहीं जाएगा। इस बार महाराज ने कथा के दौरान आरती में शामिल हुए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, आयोजक बसंत अग्रवाल और उनकी टीम को ननिहाल में बुलाने के लिए आभार व्यक्त करते हुए तालियों से मंचस्थ अतिथियों का स्वागत करने के लिए जैसे ही आग्रह किया, तालियों की ध्वनि से कथा स्थल गूंज उठा। इस बीच महाराज ने कहा कि देश में एक दीदी हैं, जो बागेश्वर धाम को जाने से रोक रही हैं, लेकिन जिस दिन दादा आएंगे, उस दिन पश्चिम बंगाल में जाने से रोक नहीं पाएंगी। बागेश्वर धाम को रोकने का प्रयास विफल होगा।

## ननकीराम हाउस अरेस्ट, एम्स के पास की घेराबंदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पुलिस ने छत्तीसगढ़ के पूर्व गृहमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता ननकीराम कंवर को गहोई भवन में हाउस अरेस्ट कर लिया। वह अपनी ही सरकार के खिलाफ सीएम हाउस के बाहर धरने पर बैठने वाले थे। इससे पहले पुलिस अधिकारियों ने उन्हें एम्स के पास रोक लिया, लेकिन वे गेट कूदकर निकलने की कोशिश करते रहे। उल्लेखनीय है कि पूर्व मंत्री ननकीराम कंवर भ्रष्टाचार को लेकर कोरबा कलेक्टर अजित वसंत को हटाने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी थी कि यदि 4 अक्टूबर तक कार्रवाई नहीं हुई, तो वे रायपुर में धरने पर बैठेंगे। इसके लिए वो शुक्रवार देर शाम रायपुर पहुंचे थे।



पूर्व मंत्री श्री कंवर के धरने पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा, हाउस अरेस्ट जैसी कोई बात नहीं है। वे हमारे वरिष्ठ नेता हैं, उनका पूरा सम्मान है। वे जो कहेंगे उसे सुनेंगे, मुख्यमंत्री भी उनसे बात करेंगे। ननकी राम कंवर की घेराबंदी पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने तंज कसा है। उन्होंने भाजपा सरकार और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर निशाना साधा है।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के आश्वासन पर कोरबा लौटे

राजधानी में पूर्व मंत्री ननकीराम कंवर की मुलाकात भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव से भाजपा मुख्यालय कुशाभाऊ परिसर में शाम को कराई गई। जानकारों का कहना है कि श्री देव ने एक सप्ताह में कोरबा कलेक्टर को वहां से हटाने का आश्वासन दिया। उनके आश्वासन के बाद श्री कंवर अपने समर्थकों के साथ निजी वाहन से कोरबा वापस लौट गए।

## रायपुर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में कांग्रेसियों का हल्ला बोल

# महंगी बिजली, अघोषित कटौती पर उबाल कांग्रेसियों ने बिजली दफ्तरों में जड़े ताले

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रदेश में महंगी बिजली, अघोषित बिजली कटौती व लो वोल्टेज की समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने शनिवार को बिजली दफ्तरों का घेराव किया। एक तरफ जहां राजधानी रायपुर में शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने लाखेनगर स्थित बिजली कार्यालय का घेराव कर तालाबंदी की, वहीं ग्रामीण कांग्रेस ने धरसीवां, तिल्दा, खरोरा आरंग, नयापारा एवं अभनपुर में प्रदर्शन किया। रायपुर के प्रदर्शन में पुलिस प्रशासन द्वारा रोकने की कोशिश के बावजूद कांग्रेस कार्यकर्ता बिजली कार्यालय के मुख्य गेट पर तालाबंदी करने में सफल रहे। इस प्रदर्शन में पहुंचे पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने कहा, राज्य की बीजेपी सरकार जनता से वादाखिलाफी कर रही है। एक तरफ महतारी वंदन योजना के नाम पर खुशियां बांटने की बात कहती है, तो वही दूसरी ओर बिजली बिल के नाम पर जनता की जेब काटी जा रही है। सरकार बताए, आखिर कब तक जनता को अघोषित कटौती और महंगी बिजली की मार झेलनी पड़ेगी। शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे ने कहा, जहां एक ओर आम जनता महंगी बिजली से परेशान है, वहीं दूसरी ओर उद्योगपतियों को सस्ती बिजली दी जा रही है। यह सरकार गरीब विरोधी और पूंजीपतियों की सरकार बन चुकी है। कांग्रेस जनता की आवाज है, जब तक हर घर को बिजली की बढ़ी हुए दरों से राहत नहीं मिल जाती, हमारा आंदोलन जारी रहेगा। पूर्व महापौर प्रमोद दुबे ने कहा, बिजली बिल हाफ योजना को आधा कर, सरकार ने जनता से उसका हक छीन लिया है। इस प्रदर्शन में विनोद तिवारी, आकाश शर्मा, सुंदर जोगी, पंकज मिश्रा सहित भारी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### कई दफ्तरों में तालाबंदी

ग्रामीण जिला कांग्रेस द्वारा धरसीवां, तिल्दा, खरोरा आरंग में प्रदर्शन हुआ, वहीं नयापारा एवं अभनपुर में प्रदर्शन किया गया। अभनपुर में भी तालाबंदी कर ज्ञापन सौंपा गया। नयापारा में प्रमुख रूप से पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धनेंद्र साहू की उपस्थिति में, आरंग में डॉ शिव डहरिया पूर्व मंत्री की उपस्थिति में, धरसीवा, खरोरा में छाया वर्मा पूर्व सांसद, पूर्व विधायक अनीता शर्मा, तिल्दा, धरसीवां,खरोरा एवं अभनपुर में जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा शामिल हुए। कांग्रेसियों ने बिजली दफ्तरों में तालाबंदी की।

### युवा कांग्रेस ने चलाया प्रदेशव्यापी आंदोलन



*छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस ने शनिवार को प्रदेशभर में बढ़ते बिजली बिल और भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ एकजुट होकर बड़ा प्रदेशव्यापी आंदोलन किया। प्रदेश के हर जिले और विधानसभा में हो रहे इस संघर्ष की गूंज राजधानी रायपुर में भी सुनाई दी, जहां तीन विधानसभाओं के अंतर्गत चार प्रमुख स्थानों पर एक साथ विशाल कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन सभी कार्यक्रमों में प्रदेश प्रभारी अमित सिंह पठानिया, सह प्रभारी सुश्री मोनिका मंडारे एवं प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा ने अपनी उपस्थिति से कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया। युवा कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ आम जनता ने भी हस्ताक्षर अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लिया। हजारों लोगों ने बिजली बिलों में बढ़ोतरी का विरोध करते हुए हस्ताक्षर किए और भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। युवा कांग्रेस के मीडिया विभाग अध्यक्ष तुषार गुहा ने यह जानकारी दी। कार्यक्रम में संगठन महासचिव गुलजेब अहमद, आदिल आलम खैरानी, आस मोहम्मद, विराज चंद्राकर, दीक्षा पांडे, जिला अध्यक्ष विनोद कश्यप, विधानसभा अध्यक्ष आजाद वर्मा आदि उपस्थित रहे।*

## शराब पीने के विवाद पर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**दो आरोपी गिरफ्तार**





शरीब पीने के विवाद पर हत्या करने के आरोप में मंदिर हसौद पुलिस ने दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को अधेड़ की लाश शनिवार सुबह एक शौचालय के पास मिली। घटना ग्राम कुकरा की है।

पुलिस के मुताबिक सुरेंद्र धीवर (48) की हत्या के आरोप में सूरज कोसले तथा परमानंद साहू को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार सुरेंद्र घर जा रहा था। इस दौरान सूरज तथा उसके साथी ने सुरेंद्र को रोका और तीनों किसी स्थान पर जाकर शराब पीने लगे। इस दौरान सुरेंद्र का किसी बात को लेकर सूरज तथा परमानंद के साथ विवाद हो गया घर लौटने के दौरान सूरज ने एक निर्माणाधीन मकान के पास ऑटो रोका और अंदर से धारदार हथियार लाकर अपने साथी के साथ मिलकर सुरेंद्र के ऊपर हमला कर दिया। धारदार हथियार के हमले से सुरेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने दोनों बदमाशों को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया है।

पेज 17 के शेष

### ये है इमरजेंसी वार्ड, इलाज की...

ओपीडी में जांच और इलाज की सुविधा मिल जाती है। किसी अप्रिय घटना का शिकार होकर आने वाले मरीजों को यहां के आपातकालीन विभाग में अक्सर दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कई बार इसे लेकर विवाद जैसी स्थिति बनती है। मेडिसिन विभाग के 10, सर्जरी और हड्डी रोग विभाग के 5-5 बेड मिलाकर बीस बेड का इमरजेंसी विभाग बनाया गया। कहने के लिए तो यहां दर्जनभर से ज्यादा वेंटिलेटर हैं, मगर सक्रिय वेंटिलेटरों की संख्या आठ है, जो ज्यादा मरीजों के आने पर कम पड़ जाता है। सीरियस कंडीशन वाले मरीजों की जांच के लिए यहां विभिन्न बेड पर पल्स मॉनिटर तो लगाए गए हैं, जो काफी समय से बंद पड़े हैं। सर्जरी और आर्थो विभाग वाले वार्ड में उपयोग के लिए गिनती के सिजर्स है जिसे दोबारा उपयोग के लायक बनाने के लिए आधे घंटे इंतजार करना पड़ता है। अन्य संसाधनों की कमी के साथ यहां सीनियर डाक्टरों की अनुपस्थिति बड़ी समस्या है। तीनों विभाग के दर्जनभर डाक्टर 24 से 48 घंटे ड्युटी लंबी ड्यूटी कर मरीजों का इलाज कर रहे हैं। सुविधाओं के अभाव में अक्सर यहां मरीजों के परिजन और चिकित्सकीय स्टाफ के बीच विवाद की स्थिति बनती है, मगर प्रबंधन व्यवस्था जुटाने में गंभीर नहीं हो पा रहा है।

### एक्स-रे मशीन खराब तो...

को अपने जख्म का पता लगाने के लिए लंबा चक्कर लगाकर रेडियोडायग्नोसिस विभाग तक जाना पड़ता है। वर्तमान में सुविधा के नाम पर मरीजों को यहां केवल पृथक रजिस्ट्रेशन की सुविधा मिल सकी है।



## खबर संक्षेप



### टेढ़ा सोलर लाइट पोल खतरे की घंटी

**अभनपुर।** लापरवाही,कभी भी हो सकता है हादसा
खोरपा मेन रोड जरहू पुलिया के पास अनियंत्रित ट्रक ने सोलर लाइट पोल तोड़ा, ट्रक हटाया गया पर पोल अब भी टेढ़ा लटक रहा है।

### इंद्रा कालोनी में कल डीजे डांस स्पर्धा

**मंदिर हसौद।** नव युवक गणेश उत्सव समिति इंद्रा कालोनी के द्वारा 6 अक्टूबर,को भव्य डीजे डांस कार्यक्रम का आयोजन रखा गया था ,जो की बारिश को देखते हुवे ,उसे स्थगीत कर 11 अक्टूबर के दिन शनिवार को रखा गया है ,आप सभी कलाकार भाईयो ,और बहनों को अवगत कराया जा रहा है।की सभी कलाकार 11 अक्टूबर को आमंत्रण स्वीकार करें ।

### गांधी व शास्त्री की जयंती रायखेड़ा में मनाई गई



**तिल्दा नेवरा।** समीपस्थ ग्राम पंचायत रायखेड़ा में 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी का जन्म दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में स्थापित महात्मा गांधी जी की प्रतिमा का पूजन अर्चन कर श्रीफल एवं दीप जलाकर किया गया। महात्मा गांधी जी को भारत के स्वतंत्रता आंदोलन तथा सत्य अहिंसा के पुजारी के रूप में याद किया गया। इस अवसर पर पूर्व जनपद अध्यक्ष देवव्रत नायक ने कहा किने बताया कि महात्मा गांधी जी सत्य और अहिंसा के पुजारी तथा सामाजिक न्याय के प्रति समर्पण के लिए हमेशा याद किया जाता रहेगा ।

विरोध

### बिजली पर हाफ योजना को फिर लागू नहीं करने पर कांग्रेस उग्र आंदोलन करेगी

# बिजली दर वृद्धि पर कांग्रेस ने कार्यालय घेरा और की तालाबंदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर



- राज्यपाल के नाम पर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर ब्लॉक क्रांग्रेस कमेटी के तत्वाधान मे अभनपुर मुख्यालय बिजली कार्यालय का घेराव व तालाबंदी कर एसडीएम रवि सिंह को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौपा गया। इस मौके पर प्रदेश सचिव प्रवीण साहू ने कहा कि हमारी सरकार ने प्रदेश की जनता को राहत देने के उद्देश्य से 400 यूनिट बिजली बिल हॉफ योजना लाई थी लेकिन भाजपा सरकार आते ही इस योजना को बंद दिया और लगातार बिजली दरो मे वृद्धि की जा रही है गरीब व मध्यम वर्ग के घरो का बजट पूरी तरह बिगड़ चुका है यह भाजपा सरकार की जनविरोधी नीति का स्पष्ट प्रमाण है।

**400 यूनिट हाफ लागू करने की मांग :** कांग्रेस पार्टी इसे किसी भी हाल मे बर्दाश्त नही करेगी। रायपुर ग्रामीण जिलाध्यक्ष उधोराम वर्मा ने ज्ञापन सौपते कहा कि अभी कांग्रेस कमेटी के द्वारा कार्यालय का घेराव कर विरोध दर्ज कराया जा रहा है यदि भाजपा सरकार तुरंत बिजली दरो मे की गई बढ़ोत्तरी को वापस नही लिया और 400 यूनिट तक हॉफ बिजली बिल योजना को पुन लागू नही किया तो आने वाले समय मे कांग्रेस पार्टी प्रदेशव्यापी जन आंदोलन सडक्र से लेकर विधानसभा तक करेगी। इस मौके पर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया जिसमे कांग्रेस कार्यकताओ के अलावा आम नागरिक भी हस्ताक्षर कर विरोध दर्ज किया। उक्त कार्यक्रम मे विद्या भूषण सोनवानी, श्रीमती नीमा निम्बेकर, श्रीमती रूपा कोसरिया, श्रीमती रेणुका साहू,बलविंदर गांधी,फ़तीश साहू , मोहन साहू, तुलेश साहू , जयवर्धन बघेल , प्रमोद मिश्रा , नीलकमल गिलहरे , डोमेन्द्र साहू , बीरेंद्र सिन्हा , पार्थ वैष्णव , विनोद ध्रुव, योगेश राठी , महमूद खान , डोमेश सिन्हा , बीरबल टंडन ,घनश्याम साहू ,दिलीप बंजारे,हीरा लाल साहू ,राजेश कुमार साहू , हेमुलाल लहरी , सौरभ साहू , मनीष चक्रधारी , रानू डहरिया , प्यारे लाल चक्रधारी, इन्द्र राम पटेल , जगत राम साहू, मनोहर लाल साहू , कन्हैया शर्मा , कमलेश बघेल , भरत देवांगन , संतोष साहू , दिनेश राव अम्बिलकर , राजकुमार शर्मा , डोमन साहू , सुमित तंबोली , शेष नारायण हरवंश सहित सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता सहित स्थानीय नागरिक गण मौजूद रहे।

### युकां ने बिजली दर वृद्धि पर चलाया हस्ताक्षर अभियान



**आरंग।** आरंग विधानसभा के अंतर्गत नगर पंचायत समोदा में बढ़ते हुए बिजली बिल और स्मार्ट मीटर घोटाले के खिलाफ कांग्रेस द्वारा बड़ा विरोध अभियान चलाया गया। युवा कांग्रेस आरंग विधानसभा उपाध्यक्ष सत्येन्द्र चेलक के नेतृत्व में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया,जनता ने बिजली बिल में हो रही लगातार बढ़ोतरी और सरकार द्वारा लगाए गए स्मार्ट मीटर को गरीबों के लिए बोझ बताते हुए अपने हस्ताक्षर कर बिजली बिल का विरोध दर्ज किया। युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि मौजूदा भाजपा सरकार जनता से दोहरी मार करा रही है—एक तरफ़ लगातार महंगी बिजली, दूसरी तरफ़ बिल वसूली का दबाव। इस अभियान के माध्यम से कांग्रेस ने जनता की आवाज़ को सरकार तक पहुँचाने का संकल्प लिया। जिसमें युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव राजेश बार्ले, रायपुर ग्रामीण अध्यक्ष सजल चंद्राकर, पार्षद प्रतिनिधि शोभा साहू, पार्षद प्रतिनिधि पिंटू राय, पार्षद प्रतिनिधि जगदीश साहू, पार्षद देवेंद्र साहू, पार्षद प्रतिनिधि लेखु साहू, युवा नेता भीष्म बारले, शुभम कुर्रे, सादिक, उमाशंकर निषाद, नरेंद्र आदिल, बलदेव साहू, रामू ध्रुवंशी, पप्पू साहू आदि युवक कांग्रेस के साथ ही उपस्थित रहे।



### अकोली बाजार में युवा कांग्रेस ने किया आंदोलन

**धरसींवा।** छत्तीसगढ़ में 'बिजली बिल हाफ' योजना को बंद करने के भाजपा सरकार के फैसले ने आम जनता की परेशानी बढ़ा दी है, जिसे लेकर प्रदेश भर में विरोध तेज हो गया है। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस ने अपने आंदोलन बिजली चोर – गद्दी छोड़" का दूसरा चरण धरसींवा विधानसभा के अकोली बाजार चौक (मांढर) में आयोजित किया, जहां हजारों ग्रामीणों ने सरकार के खिलाफ प्रखर जनआंदोलन में हिस्सा लिया। युवा कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस सरकार द्वारा नागरिकों को राहत देने के लिए शुरू की गई इस लोकप्रिय योजना को बंद कर भाजपा सरकार ने जनता के साथ सीधा धोखा किया है। लगातार बढ़ते बिजली बिलों से किसान, मजदूर, छोटे व्यापारी और आम परिवार त्रस्त हैं। युवा कांग्रेस का कहना है कि सरकार महंगाई और वादाखिलाफी के अंधेरे में जनता को धकेल रही है, जिससे खेती-किसानी से लेकर छोटे कारोबार तक प्रभावित हो रहे हैं।

**धरसींवा में विशाल हस्ताक्षर अभियानः** प्रदेश प्रभारी श्री अमित सिंह पठानिया, सह-प्रभारी डॉ. मोनिका मांडरे, प्रदेश अध्यक्ष श्री आकाश शर्मा, एवं जिला ग्रामीण अध्यक्ष श्री सजल चंद्राकर के मार्गदर्शन में, यह आंदोलन युवा कांग्रेस धरसींवा विधानसभा अध्यक्ष अंकित कुमार वर्मा के नेतृत्व में संपन्न हुआ। आंदोलन के दौरान विशाल हस्ताक्षर अभियान चलाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों, युवाओं और महिलाओं ने भाजपा सरकार की नीतियों के खिलाफ अपनी असहमति दर्ज कराई। नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए अंकित कुमार वर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार का 'बिजली बिल हाफ' का वादा छलावा साबित हुआ और आज बिजली के नाम पर जनता की जेब साफ की जा रही है। श्री वर्मा ने कड़े शब्दों में कहा, /"यह संघर्ष केवल धरसींवा की नहीं, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ की जनता की आवाज है। भाजपा सरकार ने जनता से किए हर वादे को तोड़ा है।/" उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक सरकार बिजली बिल हाफ योजना को पुनः शुरू नहीं करती और जनता को न्याय नहीं देती, तब तक युवा कांग्रेस का यह आंदोलन और भी उग्र रूप में जारी रहेगा। इस विरोध प्रदर्शन में जिला महामंत्री रायपुर ग्रामीण कांग्रेस कमेटी हरिश्चंद्र वर्मा, युवा कांग्रेस जिला महासचिव अनिरुद्ध वर्मा, एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष ग्रामीण संयम ठाकुर समेत स्थानीय कांग्रेसजन और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### बिजली दरों में वृद्धि जनता की जेब में डाका



**चंदखुरी।** छत्तीसगढ़ में बिजली दरों में लगातार वृद्धि के खिलाफ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी आरंग ने आक्रोश जताते हुए चंदखुरी सबस्टेशन पर प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने नायब तहसीलदार की उपस्थिति में सबस्टेशन प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर भाजपा सरकार पर /"बिजली बिलों के नाम पर लूट/" का आरोप लगाया। कांग्रेस ने मांग की कि 400 यूनिट तक बिजली बिल माफ किया जाए और बढ़ी हुई दरें तत्काल वापस ली जाएं। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि डेढ़ साल में भाजपा सरकार ने कई बार बिजली दरें बढ़ाकर घरेलू, व्यावसायिक और औद्योगिक उपभोक्ताओं पर आर्थिक बोझ डाला है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कोमल सिंह साहू ने कहा, /"भाजपा ने चुनावी वादों को तोड़कर जनता की जेब पर डाका डाला है। बिजली जैसी बुनियादी सेवा को महंगा करना गरीब और मध्यम वर्ग के साथ अन्याय है।/" कांग्रेस

**सरकार की राहत योजनाओं की तुलना**

ज्ञापन में बताया गया कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने पॉवर बिल हाफ योजना के तहत 65 लाख घरों को 3,240 करोड़ रुपये की सब्सिडी दी थी। गरीब परिवारों को 40 यूनिट तक मुफ्त बिजली, किसानों को 5 एचपी तक मुफ्त कनेक्शन और बीपीएल परिवारों व छोटे उद्योगों को रियायती दरों पर बिजली प्रदान की गई थी। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा ने इन राहतों को खत्म कर प्रति यूनिट दरों में वृद्धि की, जिससे जनता त्रस्त है। गांव-गांव में आक्रोश,

**आंदोलन तेज करने की चेतावनी**

कांग्रेस ने कहा कि बिजली बिलों की महंगाई से गांव-गांव में आक्रोश है। यदि सरकार ने राहत नहीं दी, तो राज्यव्यापी आंदोलन को और तेज किया जाएगा। प्रदर्शन में गोपाल चतुर्वेदी (नगर पालिका अध्यक्ष, मंदिर हसौद), खिलेश देवांगन (पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष), ओमप्रकाश यादव (नगर पालिका उपाध्यक्ष), अनुज मिश्रा, राकेश जसवाल, नरेश चेलक, हेमंत कश्यप, अनिल टंडन, जीतू देवांगन, बनवारी यादव समेत दर्जनों कार्यकर्ता शामिल हुए।

## शोभायात्रा निकालकर की दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन



**आरंग।** ब्लाक मुख्यालय से 30 किलोमीटर दूर ग्राम कोरासी मे विगत एक दशक से माँ दुर्गा प्रतिमा झांकी दर्शन देखने भीड़ उमड़ जाते है, इसी कड़ी मे इस सत्र सुबह से ही धार्मिक अनुष्ठानो के साथ परंपरिक रीतिरिवाज पूजा अर्चना कर, साप्ताहिक बाजार चौक मे दुर्गा समितियों को टोकन नंबर के साथ एकत्र हुवे, माता रानी के दर्शन के लिए लोगो का ताता लगा रहा, ग्रामवासी घर के सामने जगह जगह चौक पुरकर माता के आरती कर विधाई किये, दुर्गा प्रतिमा, झांकी, डीजे, ट्रेक्टर ट्राली, डीआई, स्वराज मज़दा जैसी गाड़ी मे सजाकर जसगीत, गाजाबाजा के साथ भव्य शोभायात्रा निकाले, 12 दुर्गा झांकी शोभायात्रा के साथ विसर्जन किये गया, प्रमुख रूप से खिलेश देवांगन पूर्व अध्यक्ष जनपद पंचायत आरंग, दोमन देवांगन अध्यक्ष दुर्गा समिति बाजार चौक, राकेश पटेल सरपंच कोरासी, खिलेश चेलक पूर्व सरपंच, मन्नू ध्रुव - पूर्व सरपंच, अजित देवांगन प्रीतम साहू, थमलेश साहू, कोमल देवांगन, कृष्णा साहू, अश्वनी साहू, सूरज देवांगन, विधाचरण साहू - दुकल्हा देवांगन, होमन देवांगन, प्रदीप देवांगन, नंदू चतुर्वेद, कुशल पटेल, सोमनाथ पटेल ईश्वर धीवार, प्रमोद भीम साहू, घनश्याम साहू, पप्पू पटेल, नरेंद्र धीवार, दिनेश साहू, जितेन्द्र पटेल, टिकेश्वर वर्मा, हेमलाल देवांगन, द्वारिका यादव, हरीश देवांगन, अखिल देवांगन, पोषण देवांगन, अभिषेक देवांगन, परशु यादव, शुभम साहू, वासुदेव धीवर, लोकनाथ यादव, अनेक ग्रामवासी उपस्थित थे।

## रिमझिम बारिश में दशहरा त्योहार मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंदिर हसौद



रामलीला कला मंडली समिति शास्त्री चौक मंदिर हसौद जो की सन 1957 से संचालित है और विगत 68 वर्षों से लगातार श्री रामलीला का मंचन एवं भव्य दशहरा महोत्सव का आयोजन करते आ रहे हैं इस वर्ष भी मंडली के द्वारा सात दिवसीय श्री रामलीला का मंचन किया गया तीन अक्टूबर एकादशी को बारिश के फ़ुहारों के बीच रावण भाठा दशहरा मैदान में बड़े धूमधाम से दशहरा महोत्सव का आयोजन किया गया जहां मेघनाथ वध एवं रावण वध के दृश्यों का मंचन सहित पुतला दहन एवं भव्य आतिशबाजी ने सबको आकर्षित किया। बारिश के बावजूद दशहरा मैदान में दर्शकों एवं मेलों में भारी भीड़ रही वहीं रामलीला के पात्रों में भी उत्साह बना रहा। दशहरा महोत्सव की मुख्य अतिथि माननीय गुरु खुशवंत साहेब कैबिनेट मंत्री छ.ग. शासन ने विशाल जन समूह को संबोधित करते हुए दशहरा के महत्व पर प्रकाश डालते विजयादशमी की बधाई और शुभकामना देते हुए कहा हमें अपने अंदर के अहंकार को त्याग कर हमेशा सत्य अच्छाई धर्म के रास्ते पर चलते नारी का सम्मान करना चाहिए, साथ ही रामलीला मंडली के पात्रों की प्रशंसा करते हुए साधुवाद ज्ञापित किया।



अति विशिष्ट अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री माननीय सत्यनारायण शर्मा ने अपने उद्बोधन में श्री राम जी के चरित्र और आदर्शों को अपनाने और हर दशहरा में अपने अंदर की एक बुराई को खत्म करने की बात कही अति विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे राजेश्री महंत रामसुंदर दास जी ने सभी को बधाई और शुभकामना देते राम जी की महिमा बताकर आशीर्वचन दिया।

कार्यक्रम की विधिवत संचालन रामलीला मंडली के संचालक त्रिलोचन साहू ने किया मंडली के अध्यक्ष- आदित्य सिन्हा संरक्षक- शोभित साहू अजय सिन्हा राधेश्याम पटेल कोषाध्यक्ष- जितेंद्र सिन्हा सदस्य-कोमल सिन्हा आयुष पटेल रोहित सेन राजकुमार वर्मा रामजी यादव पीतेश्वर साहू सहित भूमिका निभाने वाले पात्रों में राम- सुयश सिन्हा, लक्ष्मण- राज सिन्हा, हनुमान -तोरण निर्मलकर, सुग्रीव- नरेंद्र ध्रुव, जामवंत- होमेश्वर साहू, विभीषण- राहुल ध्रुव, अंगद- शिबू निर्मलकर, कपिगण-प्रज्ञान सिन्हा दीपांशु वर्मा गौरव साहू, रावण- देव कुमार वर्मा, मेघनाथ- शैलेंद्र सिन्हा, मंत्री गण देवानंद साहू कैलाश सेन जितेंद्र धीवर मिलाप यादव मनीष वर्मा एवं व्यासपीठ में राधेश्याम पटेल धनेश पटेल ईश्वरी ध्रुव आदि थे कार्यक्रम की अध्यक्षता गोपाल चतुर्वेदी अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मंदिर हसौद ने की, विशिष्ट अतिथिगण ओम प्रकाश उपस्थित थे।

### छाया बंजारे का राष्ट्रीय स्क्वैश स्पर्धा में चयन

**मंदिर हसौद।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय-मंदिर हसौद की प्रतिभावान स्क्वैश खिलाड़ी कु. छाया बंजारे पिता बसंत बंजारे, कक्षा-12वी U-19 बालिका वर्ग का 25वी राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2025-26 में राष्ट्रीय स्क्वैश प्रतियोगिता नई दिल्ली के लिये चयनित हुई है। इसी तरह 25वी राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करती हुई कु. नीलम परमार पिता श्री चोवाराम परमार कक्षा 11वीं ने रजत पदक (सिल्वर मेडल) हासिल कर शाला का नाम गौरवान्वित किया है।

## कुकरा में युवक की हत्या के मामले में दो आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

ग्राम कुकरा में शनिवार सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई जब सामुदायिक शौचालय के पास गांव के ही एक युवक की रक्तरंजित लाश बरामद हुई। मृतक की पहचान सुरेन्द्र कुमार धीवर (48 ) के रूप में हुई है। सुरेन्द्र के गले, माथे, सिर और आंख के पास धारदार हथियार से हमला कर निर्ममता से हत्या की गई थी। घटना की जानकारी मिलते ही एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देश पर एण्टी क्राइम एंड साइबर यूनिट तथा थाना मंदिरहसौद पुलिस की संयुक्त टीम तत्काल मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। प्रथम दृष्ट्या यह मामला अज्ञात हमलावरों द्वारा हत्या का प्रतीत हो रहा था। पुलिस टीम ने मृतक के परिजनों व ग्रामीणों से पूछताछ शुरू की। तकनीकी विश्लेषण और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस को पता चला कि मृतक को अंतिम बार गांव के ही सूरज कोशले और परमानंद साहू उर्फ बिल्लू के साथ ऑटो में घूमते देखा गया था। शक गहराने पर दोनों को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की गई। शुरू में गुमराह करने की कोशिश के बाद दोनों ने आखिरकार अपना जुर्म कबूल कर लिया।

### राड से किया हमला

गुस्से में आरोपी ऑटो रोककर पास के निर्माणाधीन मकान से लोहे की रॉड उठा लाए और सुरेन्द्र को ऑटो



से बाहर खींचकर बेरहमी से पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया। आरोपियों ने लोहे की रॉड और हाथ में पहने कड़े से वार कर गंभीर चोट पहुंचाई थी।पुलिस ने महज कुछ ही घंटों में दोनों आरोपियों को दबोचते हुए घटना में प्रयुक्त ऑटो और हथियार (लोहे की रॉड व कड़ा) जप्त कर लिया। इस सम्बंध में मंदिरहसौद थाना में अपराध क्रमांक 463/25, धारा 103(1), 3(5) **BNS** के तहत मामला दर्ज किया गया है।गिरफ्तार आरोपियों में सूरज कोशले, पिता स्व. श्यामलाल कोशले, उम्र 20 वर्ष, निवासी ग्राम कुकरा व परमानंद साहू उर्फ बिल्लू, पिता जगमोहन साहू, उम्र 23 वर्ष, निवासी ग्राम कुकरा। इस कार्रवाई में निरीक्षक आशीष यादव (थाना प्रभारी मंदिरहसौद), एण्टी क्राइम एंड साइबर यूनिट प्रभारी निरीक्षक परेश कुमार पांडेय, प्र.आर. वीरेन्द्र भार्गव, जसवंत सोनी, आर. तुकेश निषाद, लक्ष्मीनारायण साहू, मुनीर रजा, अविनाश टंडन, थाना मंदिरहसौद से प्र.आर. अशोक वर्मा, संतोष चंद्राकर, आर. राजेश वर्मा, युवराज वर्मा, जफर अहमद एवं राकेश कुमार साहू की अहम भूमिका रही।

## पं. लिखेश्वर ने समुद्र मंथन व गजेंद्र मोक्ष की कथा सुनाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरपोंगी

समीपस्थ ग्राम बुंदेली डीह (सरोरा) में चल रहे भागवत कथा के चौथे दिन पं लिखेश्वर महाराज तरपोंगी वाले ने गजेंद्र मोक्ष समुद्र मंथन, वामन अवतार की कथा विस्तार से बताते हुए प्रभु श्री कृष्ण ने मगर को मार कर गज का उद्धार किया। पूर्व जन्म में गजेंद्र द्रविड़ देश का राजा इंद्रधूम था। और ग्रह उहु नाम का गंधर्व था। प्रभु गज की पुकार सुनकर मगर को मुक्ति दे दी और उसे अपने धाम में पहुंचा दिया। फिर समुद्र मंथन की कथा कहते हुए समुद्र से निकले 14 रत्न के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही भगवान के वामन अवतार की



कथा कहते हुए राजा बलि से तीन पग भूमि का दान लेकर राजा बलि को पाताल लोक का राज्य दे दिया। कथा के अंतिम सत्र में कृष्ण जन्म की कथा सुनाएं जिससे श्रोतागण मंत्र मुग्ध हो गए कृष्ण जन्म की कथा से पूरा माहौल भक्ति मय हो गया।

HEALTH TOWN

रामकथा
आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
डॉ. संतोष जायसवाल
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ)
मो. 70891-60782
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By Sri Sri Tattva Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज़
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**न्यायालय तहसीलदार रायपुर**

**मामले की श्रेणीः राजस्व**

संदर्भः- जिला- रायपुर तहसील- रायपुर प.ह.न.- 00084 दतरेंगा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-. RD202425440727000096

**// ईश्तहार //**

तहसील रायपुर के प.ह.न. 00084 के अंतर्गत ग्राम दतरेंगा के वर्तमान भूमिस्वामी चन्द्रप्रकाश पिता/पति- जान विलियम दानी पता- तेलीबांधा रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 146/33 (0.0090) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता चन्द्रकला पिता/पति- स्व चंद्रप्रकाश दानी पता- तेलीबांधा रायपुर, अभिषेक दानी पिता/पति- स्व चंद्रप्रकाश दानी पता- तेलीबांधा रायपुर के नाम पर पंजीयन/ फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 13/10/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार रायपुर पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईशतहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 22/09/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार : राममूर्ति दीवान
तहसील रायपुर

## खबर संक्षेप

### दिशा कॉलेज में कल से विस्टा मैनेजमेंट फेस्टिवल

**रायपुर।** दिशा कॉलेज में 6 से 8 अक्टूबर तक तीन दिवसीय विस्टा मैनेजमेंट फेस्टिवल-2025 का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एके तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि दोपहर 11.30 बजे से दिशा कॉलेज में विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी।

## निधन

### रमेश कुमार अग्रवाल



**रायपुर।** पुरानी बस्ती निवासी रमेश कुमार अग्रवाल (कचना वाले) का 4 अक्टूबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम इच्छानुसार 5 अक्टूबर सुबह 11 बजे आयुर्वेदिक महाविद्यालय रायपुर में उनके पार्थिव शरीर का देहदान किया जाएगा। वे उमेश अग्रवाल के भाई और प्रशांत अग्रवाल के पिता थे।

# डीजे-धुमाल की धुन पर नाचते-गाते पहुंचे श्रद्धालु कुंड में मां दुर्गा की 900 मूर्तियों को किया विसर्जित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महादेवघाट के विसर्जन कुंड स्थल पर मां जगदंबे के भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। सुबह से लेकर देर शाम तक डीजे, धुमाल की धुन पर देवी मां की महिमा का गुनगान करते श्रद्धालुओं को नाचते गाते विसर्जन स्थल पर आते-जाते देखा जा सकता है। मां को विदाई देने महिलाएं, बुजुर्ग और युवाओं के साथ बच्चों की टोली भी उत्साह के साथ विसर्जन कुंड स्थल पहुंच रहे हैं।

राजधानी में महानवमी के दिन से दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला शुरू हुआ है, जो शनिवार की देर शाम तक चलता रहा। अब तक 900 दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन सम्मान के साथ किया गया। रविवार को भी यह सिलसिला जारी रहेगा।

महापौर मीनल चौबे और निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर तीन पाली में जोन अधिकारियों की डयूटी विसर्जन स्थल पर लगाई गई है। दशहरा के दिन रात्रि में तेज बारिश के बाद भी मां के भक्तों द्वारा उत्साह के साथ मां दुर्गा के प्रतिमाओं का श्रद्धापूर्वक विसर्जन कुंड में किया गया। 1 अक्टूबर से 5 अक्टूबर की सुबह 6 बजे तक विसर्जन कुंड स्थल पर तीन पाली में जोन की टीमों की ड्यूटी लगाई गई है। अपर आयुक्त विनोद पांडे ने हरिभूमि को बताया कि दुर्गा प्रतिमा के श्रद्धापूर्वक विसर्जन कराने कुंड स्थल पर 7 क्रेन मशीन की व्यवस्था निगम द्वारा की गई है। इसमें से 5 क्रेन मूर्तियों के विसर्जन के लिए और 2 क्रेन मशीन से कुंड के अंदर जमा ढांचा निकालने का काम लगातार किया जा रहा है। 90 गोताखोर तीन पाली में मूर्तियों के विसर्जन के लिए लगाए गए हैं।

**खास बातें**

- महानवमी से शुरू हुआ मूर्ति विसर्जन का सिलसिला
- विसर्जन कुंड के चारों ओर लगा ढांचों का ढेर
- 5 क्रेन मूर्तियां विसर्जन कार्य में, 2 क्रेन कुंड से ढांचा निकालने लगाई





### विसर्जन कुंड स्थल पर लगा ढांचों का ढेर

मां दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान कुंड में बड़ी मात्रा में बांस की खपच्ची, पैरा, सजावटी सामग्री, फूलमाला, पूजन में प्रयुक्त कपड़े, थर्माकोल, मूर्तियों के अवशेष, बांस बल्ली सहित अन्य सामग्री जमा है। जिसे क्रेन से निकालने का कार्य कराया जा रहा है। इसके चलते विसर्जन कुंड के चारों को ढांचों का ढेर जमा हो गया है। विसर्जन व्यवस्था पूरी होने के बाद कुंड से निकाले गये ढांचों की नीलामी जोन 8 कमिश्नर के माध्यम से कराई जाएगी। इसके साथ ही विसर्जन कुंड की सफाई का कार्य जोन स्तर पर कराया जाएगा।

# राज्य में जल जीवन मिशन में निर्देशों की अवहेलना की जांच करेगा वित्त विभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य में जल जीवन मिशन में ठेकेदारों के भुगतान के लिए राज्यांश की राशि जारी करते हुए वित्त विभाग ने स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए थे कि सिंगल विलेज योजनाओं के मामले में भुगतान किया जाए। इधर जिलों को आबंटन के बाद मल्टी विलेज वाले समूह जलप्रदाय योजना के तहत बाहर की चुनिंदा एजेंसियों को ही भुगतान किया गया। निर्देशों का पालन न होने पर वित्त विभाग ने पूरी जानकारी लेकर मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया है। बताया गया है कि भुगतान को लेकर निर्माण एजेंसियों को पीछे हटना पड़ रहा है। संबंधित कई दस्तावेज उपलब्ध कराने में दिक्कतें हैं। निर्माण एजेंसियों का दावा है कि काम पूरा होने के बावजूद राशि नहीं मिलने से अन्य कार्यों को आगे बढ़ाने में दिक्कत होगी।

- सचिव बंसल ने कहा- जानकारी आने पर मामले की जांच करेंगे

### जानकारी लेकर करेंगे जांच- बंसल

वित्त विभाग के सचिव मुकेश बंसल ने मामले में बताया कि मिशन में जिलों की डिमांड के आधार पर विभाग ने राशि जारी किया था।मिशन संचालक द्वारा इसका उपयोग किया जाता चाहिए था।वित्त विभाग के निर्देश का पालन नहीं किए जाने के मामले जांच कराई जाएगी।

### राशि वापस करने का फरमान

विभागीय सूत्रों के मुताबिक कुछ एजेंसियों को भुगतान करने के बाद विभाग ने राज्यांश की राशि को ब्लॉक कर दिया। राशि ब्लॉक होने से किसी को भुगतान नहीं हो सकता है। 15 दिन बाद राशि का उपयोग न होने का कारण बताते हुए वापस करने का फरमान जारी कर दिया गया। बताते हैं कि लगभग सभी जिलों से राशि वापस ली जा रही है। इसके कारण फिर असंतोष नजर आने लगा है। राशि वापस लेने के मामले में अफसर भी कोई ठोस वजह नहीं बता पा रहे हैं।












न्यायालय तहसीलदार रायपुर
**मामले की श्रेणी: राजस्व**

संदर्भः- जिला- रायपुर तहसील- रायपुर प.ह.न.- 00084 दतरेंगा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-. RD202425440727000096

**// ईश्तहार //**

तहसील रायपुर के प.ह.न. 00084 के अंतर्गत ग्राम दतरेंगा के वर्तमान भूमिस्वामी चन्द्रप्रकाश पिता/पति- जान विलियम दानी पता- तेलीबांधा रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 146/33 (0.0090) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता चन्द्रकला पिता/पति- स्व चंद्रप्रकाश दानी पता- तेलीबांधा रायपुर, अभिषेक दानी पिता/पति- स्व चंद्रप्रकाश दानी पता- तेलीबांधा रायपुर के नाम पर पंजीयन/ फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 13/10/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार रायपुर पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईशतहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 22/09/2025 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार : राममूर्ति दीवान
(मुहर) तहसील रायपुर

# प्लेटफॉर्म पर चलेगी बैटरी कार, कुलियों का आरोप - रेलवे छीन रहा रोजगार



**रायपुर।** राजधानी रायपुर के रेलवे स्टेशन पर बैटरी ऑपरेटेड कार, बैटरी चलित वाहन के विरोध में लाइसेंसी कुलियों ने मोर्चा खोल दिया है। कुली अपने परिवार के सदस्यों के साथ बीते दिनों स्टेशन में प्रदर्शन के बाद शनिवार को प्रेस क्लब पहुंचे। इस दौरान कुलियों ने इस सुविधा को बंद करने की मांग उठाई। उनका कहना है कि बैटरी ऑपरेटेड कार से उनके रोजगार पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है और इसे बंद किया जाना चाहिए। अगर प्लेटफार्म पर बैटरी कार चलेगी और कोच तक गाड़ी ही सामान पहुंचा देगी, तो यात्री कुली से मदद क्यों लेंगे। रेलवे प्रशासन ने रायपुर के लिए 4, दुर्ग के लिए 3 व भिलाई पावर हॉउस और भाटापारा में एक बैटरी के लिए टेंडर दिया है। कुलियों का कहना है कि इस फैसला से रेलवे को आर्थिक लाभ होगा, लेकिन कुली को नुकसान है। इधर पूरे मामले पर रेलवे अधिकारियों का कहना है कि बैटरी ऑपरेटेड कार यात्रियों की सुविधा के लिए संचालित की जा रही है।

## बिजनेस साइट

### मैट्स विश्वविद्यालय के योग विद्यार्थियों का नगपुरा में शैक्षणिक भ्रमण



**रायपुर।** मैट्स विश्वविद्यालय रायपुर के योग विद्या संकाय के विद्यार्थियों ने शनिवार को नगपुरा (दुर्ग) स्थित प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र एवं प्राचीन जैन मंदिर का शैक्षणिक भ्रमण किया। भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों और सांस्कृतिक धरोहरों की प्रत्यक्ष जानकारी देना था। विद्यार्थियों ने प्राकृतिक चिकित्सा, पंचकर्म, आयुर्वेद और योग-प्राणायाम से जुड़ी प्रक्रियाओं का अवलोकन किया और विशेषज्ञों से उपयोगी जानकारी प्राप्त की। आधुनिक जीवनशैली में प्राकृतिक चिकित्सा की भूमिका पर भी विशेष चर्चा हुई। साथ ही जैन मंदिर के भ्रमण से विद्यार्थियों को इसकी स्थापत्य कला, धार्मिक महत्त्व और ऐतिहासिक पृष्ठभूमि जानने का अवसर मिला। मंदिर की शांतिपूर्ण वातावरण ने सभी को प्रभावित किया। इस शैक्षणिक भ्रमण की सफलता के पीछे कुलाधिपति गजराज पगारिया, कुलपति प्रो. (डॉ.) केपी यादव, महानिदेशक प्रियेश पगारिया, कुलसचिव गोकुलानंद पांडा तथा विभागाध्यक्ष डॉ. मिथिलेश कुमार सिंह का मार्गदर्शन, सहयोग रहा।

### यशवंत हॉस्पिटल द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर




**रायपुर।** रायपुर के यशवंत हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में 20 सितंबर से 10 अक्टूबर तक निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया है। इस शिविर में वरिष्ठ आंतरिक रोग विशेषज्ञ डॉ. अतुल प्रशांत कुलकर्णी मरीजों की जांच कर रहे हैं। डायबिटीज, हाई ब्लडप्रेशर, थायरॉयड, हृदय रोग, कोलेस्ट्रॉल, संक्रामक रोग, सांस की दिक्कत, छाती में दर्द व शरीर में सूजन जैसी समस्याओं की जांच और परामर्श यहां निशुल्क मिल रहा है। डॉ. कुलकर्णी का कहना है कि समय पर जांच से गंभीर बीमारियों की रोकथाम संभव है। यह शिविर विशेष रूप से उन लोगों के लिए लाभकारी है, जो लंबे समय से बीमारी से जूझ रहे हैं, लेकिन कारण स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए यह एक सुनहरा अवसर है।

### डॉ. बत्रा ने लांच की एक्सोजेन एडवांस हेयर थेरेपी



**रायपुर।** डॉ. बत्रा ने अपनी नई और अत्याधुनिक थेरेपी 'एक्सोजोन एडवांस हेयर थेरेपी' की छत्तीसगढ़ में शुरुआत की है। यह आधुनिक थेरेपी बालों का झड़ना रोकने, जड़ों को मजबूत करने और प्राकृतिक रूप से नए बाल उगाने के लिए वैज्ञानिक रूप से विकसित की गई है। इसकी सबसे ख़ास बात यह है कि यह एक सुरक्षित और बिना किसी सर्जरी की प्रक्रिया है, जिसमें केवल चौथे सेशन से ही नतीजे दिखाई देने लगते हैं। डॉ. बत्रा का हमेशा से उद्देश्य रहा है कि हम चिकित्सा विशेषज्ञता और समग्र देखभाल को मिलाकर अपने मरीजों को सर्वोत्तम उपचार प्रदान करें। **Xogen Advance** के साथ हम गर्व से अपने मरीजों को ऐसा समाधान दे रहे हैं, जो न सिर्फ बालों की सेहत को वापस लाता है, बल्कि आत्मविश्वास भी लौटाता है।






































फेस्टिवल धमाका
खुशियों वाली दिवाली
दाम आधे, खुशियाँ दुगनी
फर्नीचर खरीदने से पहले
एक बार अमित सेल्स जरूर पधारें
UP TO 60% OFF
ON SELECTED FURNITURE RANGE
Amit Furniture
CRAFTED WITH EXCELLENCE
अमित में ही है फायदा
आज शोरुम खुला रहेगा
आधुनिक फर्नीचर का विशाल संग्रह • न्यू स्टॉक उपलब्ध
• बेडरूम सेट • डाईनिंग सेट • आउटडोर फर्नीचर • स्टील अलमारी • सेंटर टेबल • सोफा सेट
• रेकलाइनर • सोफा कम बेड • शो-केश • कस्टमाइज्ड की सुविधा उपलब्ध
अमित सेल्स
संपर्क: 07714091000, 9926127001
फाफाडीह-स्टेट बैंक के पास, रायपुर


SONY
BRAVIA
CINEMA IS COMING HOME
S.S. Rajamouli
Celebrated Filmmaker
DIRECTOR
BIG SAVINGS with GST BENEFITS & FESTIVE OFFERS
Advanced AI
Powered by XR
SPECIAL FESTIVE OFFERS*
3 YEARS WARRANTY*
*3 Years Comprehensive Warranty on 108cm (43) and above selected BRAVIA series. Valid in select stats only. Applicable from 18th Sep to 31st October, 2025. T&C Apply.
INSTANT CASHBACK UP TO RS.25,000/-
^Applicable on selected models only.
1 EMI FREE*
^Applicable on selected models
TV + SOUNDBAR COMBO OFFER
SAVE UPTO Rs.69,990/- | BUY NOW AT Rs.2,995/-
*Conditions apply
BRAVIA
BRAVIA 5 NEW
Big on entertainment, easy to love.
SPECIAL OFFER* INSTANT CASHBACK UP TO Rs.25,000/- Buy now @ Rs.2,995/- per month
XR Mini LED
Available Sizes: • 248cm (98) • 215cm (85) • 189cm (75) • 164cm (65) • 139cm (55)
Range starts from Rs.1,33,660/-
BRAVIA 3
Rich Color, Immersive Sound
X1 4K HDR Processor
SPECIAL OFFER* INSTANT CASHBACK UP TO Rs.15,000/- Buy now @ Rs.1,849/- per month
Google TV SONY PICTURES CORE Features for PlayStation®5
Available Sizes: • 215cm (85) • 189cm (75) • 164cm (65) • 139cm (55) • 126cm (50) • 107cm (43)
Range starts from Rs.66,340/-
BRAVIA 2 II NEW
Life, upscaled. In 4K.
X1 4K Processor
SPECIAL OFFER* INSTANT CASHBACK UP TO Rs.7,500/- Buy now @ Rs.1,849/- per month
Google TV SONY PICTURES CORE Features for PlayStation®5 LIVE COLOR
Available Sizes: • 189cm (75) • 164cm (65) • 139cm (55) • 126cm (50) • 107cm (43)
Range starts from Rs.44,190/-
SOUNDBAR
HT-A3000 + SW3 + RS3S
Real 5.1ch* Home Theatre with Wireless Rear Speakers
SPECIAL OFFER* INSTANT CASHBACK UP TO Rs.6,000/- Off BUY NOW AT UP TO Rs.4,995/- Per Month
GET Wireless Rear Speaker (SA-RS3S) worth Rs.35,990/-
MRP Rs. 1,35,970/- | Offer Price Rs. 80,980/-
BRAVIA Theatre System 6 NEW
Real 5.1ch Dolby Atmos Soundbar with Wireless Rear Speaker
SPECIAL OFFER* COMBO OFFER* UP TO Rs.3,000/- Off
1000w POWER OUTPUT
MRP Rs. 64,990/- | Offer Price Rs. 49,990/-
HT-S20R
Real 5.1ch. Powerful Soundbars
SPECIAL OFFER* SAVE Rs.10,000/- BUY NOW AT Rs.874/- Per Month
Dolby AUDIO SURROUND SOUND Total Output Power 400 RMS
MRP Rs. 23,990/- | BEST BUY: Rs. 13,990/-
Finance offers powered by : pine labs | Paytm EMI
ATTRACTIVE CREDIT CARDS FINANCE OPTIONS*
ATTRACTIVE PAPER FINANCE OPTIONS*
*Features & prices may vary for each product. For more details please visit: www.sony.co.in; Special Offers Applicable on select products in select cities for limited period only. For details of terms & Conditions on offers please visit https://www.sony.co.in/microsite/festive-tnc/ BRAVIA 9 Award: The Annual TV Shootout evaluation event was created by Value Electronics and the TV Shootout name is a trademark owned by Value Electronics. King of TV® a registered trademark of Value Electronics
Scan to know more
Diwali Offers
Regd. Office: Sony India Pvt. Ltd., A-18, Mohan Co-operative Indl. Estate, Mathura Road, New Delhi-110 044. Ph: 6600 6600 Fax: 26959141 Customer Care No.: 080-6500 6500 CIN No : U74899DL1994PTC062781. For corporate enquiries, please email at b2bindia@ap.sony.com
अमित सेल्स
फाफाडीह-स्टेट बैंक के पास, रायपुर | संपर्क : 88199 00083 | जी.ई.रोड-आयुर्वेदिक कॉलेज के सामने, रायपुर
आज शोरुम खुला रहेगा

## खबर संक्षेप

### छाए रहे गहरे काले बादल मगर, शहर में हुई खंड वर्षा

**रायपुर।** सिस्टम के बिहार की तरफ आगे बढ़ने की वजह से प्रदेश में बारिश की गतिविधि में अब कमी आने की संभावना है। राजधानी में दिनभर बादल छाए रहे, मगर पानी गिरने के नाम पर खंड वर्षा विभिन्न इलाकों में होती रही। बरसात के बीच अब रात में ठंडकता का माहौल बनने लगा है। बाहरी इलाकों में सुबह-सुबह धुंध की स्थिति बनने लगी है। मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार प्रदेश के मौसम को प्रभावित करने वाला चक्रीय चक्रवाती घेरा अब उत्तर-पूर्व बिहार की ओर आगे बढ़ने लगा है। इसके प्रदेश में इसका प्रभाव कमजोर हो गया है। अनुमान है कि रविवार से प्रदेश में बारिश की गतिविधि में कमी आएगी और अगले तीन से चार दिनों तक बरसात से रहने की संभावना है। शनिवार को दोपहर शहर के किसी-किसी इलाके में बारिश होती रही। बादल रहने की वजह से तेज धूप का प्रभाव नहीं रहा और अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस पर अटका रहा है। अक्टूबर महीने में दिन में गर्मी का प्रभाव रहता है और रात में ठंडकता महसूस होती है। राजधानी मे सुबह-सुबह ऐसा माहौल बनने लगा है। पिछले चौबीस घंटे में केवल बस्तर के बारसूर में 70, कुसमी में 50 मिमी. तक बारिश हुई। अन्य इलाकों में 30 से 10 मिमी. पानी गिरा।

### छत्तीसगढ़ नगर में भव्य गीता ज्ञान अमृत कथा आज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ नगर स्थित सरस्वती शिक्षा मंदिर में तीन दिवसीय 5 से 8 अक्टूबर तक भव्य गीता ज्ञान अमृत वर्षा कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस धार्मिक उत्सव में मां कामाख्या के उपासक गुरुदेव संकर्षण शरण प्रयागराज वाले अपने श्रीमुख से गीता ज्ञान की अमृतमयी कथा का वाचन करेंगे। श्रद्धालुओं में कार्यक्रम को लेकर गहरी आस्था और उत्साह देखने को मिल रहा है तथा बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की संभावना है। यह जानकारी आयोजक मंडल की मीडिया प्रभारी कल्पना शुक्ला ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम के अंतिम दिन 8 अक्टूबर को दोपहर 3 से 5 शाम बजे भव्य हवन का आयोजन रखा गया है।

### तालाब में डूबने से मौत, रेस्क्यू में देर रिंगरोड पर प्रदर्शन

**रायपुर।** कबीर नगर थाना क्षेत्र में एक युवक की तालाब में डूबने से मौत हो गई। लाश निकालने रेस्क्यू करने पुलिस के विलंब से आने पर स्थानीय रहवासियों ने रिंगरोड पर प्रदर्शन किया। देर रात पुलिस ने मृतक की लाश तालाब से रेस्क्यू कर बाहर निकालने में कामयाबी हासिल की। पुलिस के अनुसार मृतक की शिनाख्त मनराखन पटेल के रूप में हुई है। शुक्रवार दोपहर के समय वह तालाब में नहाने के लिए गया था। इस दौरान वह पानी की गहराई में चला गया। बताया जा रहा है, मनराखन को तैरना नहीं आता था। इसके चलते पानी की गहाराई में डूबने से उसकी मौत हो गई।

# शांतिनगर सिंचाई कालोनी की जमीन पर 17 मंजिला हाईटेक कांप्लेक्स, दुकानें और फ्लैट्स भी

## छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल का रीडेवलपमेंट प्रोजेक्ट, 1200 करोड़ खर्च होंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ गृह मंडल राजधानी के सिविल लाइन वार्ड स्थित 100 साल पुरानी सिंचाई कालोनी के जर्जर मकानों को तोड़कर 17 मंजिला हाईटेक कांप्लेक्स बनवाएगा, जिसमें दुकानें और विभिन्न आकार के फ्लैट्स होंगे। 3 चरण में यह काम पूरा होगा, जिसमें 1200 करोड़ रुपये खर्च होंगे। हाउसिंग बोर्ड ने इसका डीपीआर तैयार कर राज्य शासन के पास मंजूरी के लिए भेजा है। प्रोजेक्ट के तहत शासकीय पीजी उमाठे गर्ल्स स्कूल और क्रेडा के दफ्तर को तोड़ा नहीं जाएगा, उसे यथावत रखा जाएगा।

दरअसल, 6 साल बाद सिंचाई कालोनी शांतिनगर का रीडेवलपमेंट प्रोजेक्ट को लेकर छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल ने नया डीपीआर तैयार किया है। डीपीआर में यह बताया गया है अब यहां 17 मंजिला नया कांप्लेक्स बनेगा, जिसमें दुकानों के साथ अफोर्डेबल फ्लैट्स भी होंगे। इसे लोग अपनी बजट के हिसाब से खरीद सकेंगे। इस योजना को पहले ही छत्तीसगढ़ कैबिनेट से मंजूरी मिल चुकी है। छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड के कमिश्नर अवनीश कुमार शरण के मुताबिक तीन चरण में यह योजना पूरी होगी। छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल को को इस प्रोजेक्ट के लिए नोडल एजेंसी बनाया गया है।

***बीटीआई मैदान पर भी कांप्लेक्स :*** हाउसिंग बोर्ड के अधिकारियों के मुताबिक शंकर नगर के बीटीआई मैदान परिसर में स्थित पुराने भवनों को तोड़कर वहां शांतिनगर सिंचाई कालोनी की तर्ज पर नया कमर्शियल और आवासीय प्रोजेक्ट लाया जाएगा। इसके लिए डीपीआर तैयार कर लिया गया है। यहां भी फ्लैट और दुकान बनाए जाएंगे।

**फैक्ट**

- 100 साल पुरानी शांतिनगर की जर्जर सिंचाई कालोनी
- कांग्रेस शासनकाल में यहां के करीब 300 मकान तोड़े गए
- तोड़फोड़ के बाद तय किया गया कि हाउसिंग बोर्ड यहां नया प्रोजेक्ट लाएगा इस बीच दो बार योजना बदली गई



### फ्लैट और दुकानों को बेचने का काम करेगा शासन

प्रथम चरण में 3.42 एकड़ में 17 मंजिला हाईटेक कांप्लेक्स बनाया जाएगा। इसमें ग्राउंड से तीसरे फ्लोर तक दुकानें होंगी। इसके बाद चौथे से सत्रहवें फ्लोर तक सर्व सुविधा युक्त फ्लैट बनाए जाएंगे। 2 बीएचके और 4 बीएचके के फ्लैट बनाने की योजना है। फ्लैट और दुकानों को बेचने का काम शासन करेगा। दूसरे चरण में अभी कालोनी के जिन मकानों की शिफ्टिंग बाकी है, उसे तोड़ने से पहले वहां रहने वालों को बोरियाखुर्द के पक्के आवास में शिफ्ट किया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक दुर्गानगर के रहवासियों की शिफ्टिंग का काम अभी बाकी है, साथ ही शांतिनगर के सिंचाई कालोनी के 20 फीसदी घर अभी खाली नहीं हुए हैं।

## यात्रियों की पहली पसंद नियमित ट्रेन, स्पेशल के लिए बुकिंग फिलहाल धीमी

# नियमित ट्रेनों में बुकिंग फुल, स्पेशल बनीं सहारा, पांच लंबी दूरी की गाड़ियों में अब भी 60 फीसदी सीटें खाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

त्योहारी सीजन नजदीक आते ही ट्रेनों में बुकिंग तेज हो गई है। इस समय नियमित रूप से चलने वाली अधिकतर ट्रेनें लगभग फुल हो चुकी हैं। कई ट्रेनों में अब अतिरिक्त कोच जोड़ने की जरूरत महसूस हो रही है। यात्रियों की सुविधा को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने विभिन्न रूटों पर फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है, जिनकी बुकिंग शुरू हो गई है।

- स्पेशल ट्रेनों में स्लीपर से लेकर एसी कोच में सीट मिल रही खाली

अब यात्री इन स्पेशल ट्रेनों में आसानी से कन्फर्म टिकट प्राप्त कर सकते हैं। हरिभूमि द्वारा बुकिंग की स्थिति का जायजा लेने पर पता चला कि रायपुर से गुजरने वाली 5 स्पेशल ट्रेनों में अभी भी पर्याप्त सीटें उपलब्ध हैं। हालांकि जैसे-जैसे त्योहार नजदीक आ रहा है, स्लीपर से लेकर एसी कोच तक सभी में बुकिंग तेजी से बढ़ रही है। रेलवे का कहना है कि इन ट्रेनों में 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर कन्फर्म सीट दी जा रही है, जिससे लोगों की यात्रा अधिक सहज और आरामदायक हो सके।

### इन पूजा स्पेशल ट्रेनों में खाली हैं सीटें



**इतवारी से जयनगर के लिए पूजा स्पेशल :** नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) से जयनगर के लिए फेस्टिवल स्पेशल चार-चार फेरे लगाएगी। गाड़ी संख्या 08869 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) से 16 अक्टूबर से 06 नवम्बर तक प्रत्येक गुरुवार को रवाना होगी। वहीं गाड़ी संख्या 08870 जयनगर से 18 अक्तूबर से 08 नवम्बर तक प्रत्येक शनिवार को प्रस्थान करेगी। 30 अक्टूबर को इस ट्रेन में एसी सेकेंड में 14, एसी थर्ड में 68 और स्लीपर में 422 बर्थ उपलब्ध हैं। वहीं 06 नवम्बर 2025 को एसी सेकंड में 16, एसी थर्ड में 78 और स्लीपर में 460 बर्थ की उपलब्धता है। इन गाड़ियों का ठहराव गोंदिया, डोंगरगढ़, राजनांदगाँव, दुर्ग, रायपुर, भाटापारा, बिलासपुर, चांपा और रायगढ़ स्टेशनों में दिया गया है।

**बिलासपुर से हडपसर (पुणे) के बीच :** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने बिलासपुर से हडपसर (पुणे) के बीच पूजा स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन केवल एक फेरे के लिए चलाई जाएगी। गाड़ी संख्या 08265, 22 अक्टूबर को बिलासपुर से रवाना होगी, जबकि वापसी में गाड़ी संख्या 08266, 23 अक्टूबर को हडपसर (पुणे) से प्रस्थान करेगी। इसमें एसी-थ्री 212 और एसी-थ्री इकॉनमी श्रेणी में 50 संख्या में बर्थ उपलब्ध हैं।

#### दुर्ग–हजरत निजामुद्दीन फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन

08760/08761 दुर्ग–हजरत निजामुद्दीन–दुर्ग फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन को 8 फेरों के लिए चलाया जा रहा है।गाड़ी संख्या 08760 दुर्ग से 5 अक्टूबर से 23 नवंबर तक हर रविवार को रवाना होगी, जबकि गाड़ी संख्या 08761 हजरत निजामुद्दीन से 6 अक्टूबर से 24 नवंबर तक हर सोमवार को दुर्ग के लिए चलेगी। इस स्पेशल ट्रेन का ठहराव दुर्ग, रायपुर, उस्लापुर, पेंड्रारोड, अनूपपुर, शहडोल और उमरिया स्टेशनों पर दिया गया है।

**बर्थ उपलब्ध है**

| | |
|---|---|
| 12 अक्टूबर- | एसी-थर्ड– 325, एसी-थर्डइकॉनमी – 86 |
| 19 अक्टूबर- | थर्ड– 22 |
| 2 नवंबर- | एसी-थर्ड– 315, एसी-थर्ड इकॉनमी – 83 |
| 9 नवंबर- | एसी- सेंकड– 9, एसी-थर्ड– 392, एसी-थर्डइकॉनमी – 110, स्लीपर – 92 |
| 16 नवंबर- | एसी- सेंकड– 9, एसी-थर्ड– 420, एसी-थर्डइकॉनमी – 105, स्लीपर – 139 |
| 23 नवंबर- | एसी-थर्ड– 312, एसी-थर्डइकॉनमी – 109, स्लीपर – 60 |

#### बिलासपुर–बेंगलुरु फेस्टिवल स्पेशल

यह ट्रेल 9 सितम्बरसे 19 नवम्बर तक कुल 22 फेरे चलेगी। 08261 हर मंगलवार, 09 सितम्बर से 18 नवम्बर तक और 08262 हर बुधवार, 10 सितम्बर से 19 नवम्बर तक। इस ट्रेन का ठहराव बिलासपुर, भाटापारा, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगाँव, डोंगरगढ़ एवं गोंदिया दिया गया है।

**बर्थ उपलब्धता**

| | |
|---|---|
| 07 अक्टूबर - | एसी-थर्ड : 245, एसी-थर्ड इकॉनमी : 54 |
| 14 अक्टूबर - | एसी-सेकंड: 07, एसी-थर्ड : 407, एसी-थर्ड इकॉनमी : 101, स्लीपर : 84 |
| 21 अक्टूबर - | एसी-थर्ड : 372, एसी-थर्ड इकॉनमी : 98, स्लीपर : 96 |
| 28 अक्टूबर - | एसी-थर्ड : 204, एसी-थर्ड इकॉनमी : 74, स्लीपर : 122 |
| 04 नवम्बर - | एसी-सेकंड: 01, एसी-थर्ड : 387, एसी-थर्ड इकॉनमी : 106, स्लीपर : 179 |
| 11 नवम्बर - | एसी-सेकंड: 08, एसी-थर्ड : 419, एसी-थर्ड इकॉनमी : 109, स्लीपर : 187 |
| 18 नवम्बर - | एसी-सेकंड: 16, एसी-थर्ड : 412, एसी-थर्ड इकॉनमी : 102, स्लीपर : 185 |

#### दुर्ग – सुल्तानपुर– दुर्ग पूजा स्पेशल

यह ट्रेन 13 सितम्बर से 30 नवम्बर तक 12 फेरे लगाएगी। दुर्ग से हर शनिवार13 सितम्बर से 29 नवम्बर तक व सुल्तानपुर से हर रविवार 14 सितम्बर से 30 नवम्बर तक चलेगी। इस ट्रेन का ठहराव दुर्ग, रायपुर, उस्लापुर, पेंड्रारोड, अनूपपुर, शहडोल एवं उमरिया में है।

**ट्रेन में बर्थ उपलब्धता**

| तिथि | एसी-सेकंड | एसी-थर्ड | एसी थर्ड | इकॉनमी स्लीपर |
|---|---|---|---|---|
| 04 अक्टूबर 2025 | – | 296 | 42 | नहीं |
| 11 अक्टूबर 2025 | 11 | 371 | 102 | 94 |
| 25 अक्टूबर 2025 | 07 | 356 | 89 | 26 |
| 01 नवम्बर 2025 | 18 | 425 | 111 | 154 |
| 08 नवम्बर 2025 | 14 | 420 | 110 | 169 |
| 15 नवम्बर 2025 | 16 | 406 | 110 | 149 |
| 22 नवम्बर 2025 | – | 373 | 108 | 166 |
| 29 नवम्बर 2025 | 20 | 425 | 111 | 176 |

# 2 वार्डों में सफाई व्यवस्था लड़खड़ाई, कर्मचारी कम ठेकेदारों पर जुर्माना



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही ने शनिवार को जोन 3 के शंकरनगर और कालीमाता वार्ड की सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान कालीमाता वार्ड में 38 में 13 ठेका सफाई कर्मचारी डयूटी पर पाए गए। वहीं शंकरनगर वार्ड में 38 में से 25 कर्मचारी ही निरीक्षण के दौरान ड्यूटी पर उपस्थित मिले। सफाई व्यवस्था में लापरवाही को देखते हुए स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही के निर्देश पर संबंधित ठेकेदारों पर जुर्माना किया गया। कालीमाता वार्ड के ठेकेदार पर 25 हजार रुपये और शंकर नगर वार्ड के संबंधित सफाई ठेकेदार पर 13 हजार रुपये जुर्माना किया गया।

- शंकरनगर और कालीमाता वार्ड की सफाई व्यवस्था का मामला
- स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही ने किया औचक निरीक्षण

दरअसल, त्योहारी सीजन में भी शहर की सफाई व्यवस्था को पलीता लगाने में ठेकेदार पीछे नहीं हैं। संबंधित जोन के अधिकारी व कर्मचारी द्वारा इसकी सतत निगरानी नहीं होने से निर्धारित संख्या से कम कर्मचारी डयूटी पर आने से सफाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही ने शहर के 2 वार्डों की सफाई व्यवस्था का आकस्मिक निरीक्षण किया।

निर्धारित संख्या से कम संख्या में सफाई कर्मचारी पाए जाने पर डॉ. पाणिग्रही ने संबंधित सुपरवाइजर को नोटिस जारी करने और इसकी पुनरावृत्ति होने पर ठेका निरस्त करने का प्रस्ताव भेजने के निर्देश जोन स्वास्थ्य अधिकारी पूरन तांडी को दिए हैं।

घर की बहू को ब्रेनवाश कर जबरन धर्म परिवर्तन कराने का आरोप

# धर्म परिवर्तन को लेकर जमकर हंगाामा आधा दर्जन के खिलाफ अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में धर्म परिवर्तन के विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर विवाद हुआ। एक महिला की शिकायत पर पुलिस ने दो महिलाओं सहित आधा दर्जन लोगों के खिलाफ जबरन धर्म परिवर्तन कराने के आरोप में अपराध दर्ज किया है।

- राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र के परशुराम नगर की घटना

महिला ने आरोप लगाया है कि उसकी भांजा बहू का उपचार करने के नाम पर कुछ लोगों ने उसका ब्रेनवाश कर जबरन धर्म परिवर्तन कराने की कोशिश की है। महिला ने बहू के माध्यम से उन पर भी धर्म परिवर्तन करने दबाव बनाने का आरोप लगाया है।

पुरैना निवासी बालका राजपूत ने मायाराम, किशोर सेनापति, चौधरी बेसरा, आशीषी नाग, सिकंदर सिंह, गायत्री यादव, प्रफुल्ला पन्का के खिलाफ उसकी बहू



पर जबरन धर्म परिवर्त करने दबाव बनाने का आरोप लगाया है। बालका ने पुलिस को बताया है कि उसकी भांजा बहू रितू की तीन माह पूर्व तबियत खराब हो गई थी। इसके बाद वह मायाराम के पास उपचार कराने के लिए गई। मायाराम ने रितू को इसाई धर्म ग्रहण करने के एवज में फ्री में इलाज करने का झांसा देकर उसका ब्रेनवाश कर इसाई धर्म अपनाने दबाव बनाया है।

### हिंदू संगठन के पास शिकायत के बाद हंगामा

रितू के पति ने अपनी मामी बालका को इसाई धर्म के मानने वाले लोगों द्वारा शुक्रवार को जबरन ले जाकर धर्म परिवर्तन करने की प्रक्रिया करने की जानकारी दी। इसके बाद बालका ने इसकी जानकारी अपने क्षेत्र में रहने वाले बजरंगदल के कार्यकर्ताओं को दी। जानकारी मिलने पर बजरंदगल के कार्यकर्ता भारी संख्या में मायाराम के घर पहुंचे, जहां रितू का धर्म परिवर्तन कराया जा रहा था। वहां हंगामा किया। इसके बाद पुलिस ने मायाराम सहित अन्य के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उनके खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

# फैक्ट्री में मिले बाल मजदूर, बारह घंटे काम के बाद भी देते थे कम वेतन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कपसदा के अर्थ मेट कंपनी में नाबालिगों से काम कराया जाता था। यही नहीं, उनसे 12 घंटे काम कराने के बाद भी उन्हें कम वेतन दिया जाता था। कंपनी प्रबंधन के खिलाफ मिली विभिन्न शिकायतों के बाद जिला बाल संरक्षण इकाई, महिला एवं बाल विकास विभाग, श्रम विभाग, पुलिस विभाग, राजस्व विभाग एवं एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन (बचपन बचाओ आंदोलन) की संयुक्त टीम द्वारा छापेमारी की गई।

- बाल संरक्षण इकाई, महिला एवं बाल विकास, पुलिस, श्रम, राजस्व विभाग का छापा

छापेमारी के दौरान संयुक्त टीम को वहां पांच नाबालिग श्रमिक काम करते मिले। इस मामले में एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन के राज्य प्रमुख विपिन ठाकुर ने कंपनी प्रबंधन, ठेकेदार सहित अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने धरसींवा थाने में शिकायत की है। पिछले दिनों कंपनी परिसर में एक तीन साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया था। इसके अलावा अन्य तरह की शिकायत के आधार पर संयुक्त टीम वहां जांच करने पहुंची थी। टीम का नेतृत्व तहसीलदार धरसींवा बाबूलाल कुर्रे और उप पुलिस अधीक्षक नंदिनी ठाकुर के नेतृत्व में किया गया। जांच के दौरान टीम ने फैक्ट्री के अंदर कुछ बाल श्रमिकों को काम करते हुए पाया, जिन्हें तुरंत वहां से हटाया गया। पूछताछ में बाल श्रमिकों ने बताया कि लेबर ठेकेदार उन्हें फैक्ट्री में रोजाना 12-12 घंटे काम कराता है और पैसा कम देता है। किशोर न्याय अधिनियम, 2015 तथा बाल एवं किशोर श्रम अधिनियम, 1986 में निहित प्रावधान के तहत कार्रवाई की तैयारी है।

### भोजनालय में भी बाल श्रमिक

ज्वाइंट टीम जानकारी होने पर फैक्ट्री के समीप संचालित प्रतिष्ठान अन्नपूर्णा भोजनालय एवं स्वीट्स पहुंची। वहां भी 2 बाल श्रमिक काम करते हुए मिले। इस मामले में भी बालकों को बाल श्रम में नियुक्त करने वाले नियोक्ता एवं संचालक के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने थाना धरसींवा में आवेदन दिया गया है।

### राष्ट्रीय डाक सप्ताह 6 से 10 अक्टूबर तक

**रायपुर।** भारतीय डाक विभाग प्रतिवर्ष राष्ट्रीय डाक सप्ताह मनाता है। डाक विभाग के सहायक निदेशक के अनुसार, 1874 से यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन की स्थापना की वर्षगांठ पर 9 अक्टूबर से विश्व डाक दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य नागरिकों एवं संस्थानों में डाक की भूमिका के साथ-साथ वैश्विक, सामाजिक और आर्थिक विकास में डाक की भूमिका के बारे में जागरूकता पैदा करना है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ डाक परिमंडल के सभी संभागीय कार्यालयों में 6 से 10 अक्टूबर तक विषयवार कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस दौरान डाक विभाग की सभी सेवाओं की जानकारी दी जाएगी।

**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

# पंजाबी युवक-युवती परिचय सम्मेलन 8 नवंबर को

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ पंजाबी सनातन सभा का 29वां पंजाबी युवक युवती परिचय सम्मेलन 8 नवंबर को पंजाब केसरी भवन, जोरा में आयोजित किया जा रहा है। इस आयोजन में छत्तीसगढ़ के साथ अन्य राज्यों से प्रतिभागी शामिल होंगे।

- छत्तीसगढ़ पंजाबी सनातन सभा का आयोजन, पंजाब केशरी भवन में जुटेंगे प्रतिभागी

सभा के अध्यक्ष जवाहर खन्ना एवं मेरिज ब्यूरो सचिव प्रीतम अरोरा ने संयुक्त रूप से बताया कि सम्मेलन में भाग लेने के इच्छुक युवक या युवती के साथ उसके दो अभिभावक शामिल हो सकते हैं। दूर दराज क्षेत्रों से आने वालों के लिए रुकने और खान पान की व्यवस्था आयोजन समिति की ओर से की गई है।

सम्मेलन में भाग लेने वालों के लिए पंजीयन शुरू हो गया है । वॉट्सऐप एवं ऑन लाइन के द्वारा भी पंजीयन कराया जा सकता है। पंजाब केसरी भवन के मेरिज ब्यूरो का दूरभाष नंबर में फोन करके अधिक जानकारी प्राप्त की जा सकती है। सम्मेलन में नागपुर, जबलपुर, भोपाल,रांची से समाज के प्रतिनिधि अपनें शहरों में दर्ज बॉयोडाटा लेकर आएंगे, जिसे सम्मेलन में आये प्रतिभागी निशुल्क अवलोकन कर सकेंगे। समाज द्वारा युगल जोड़ी नाम से एक मोबाईल ऐप बनाया गया है, परिचय सम्मेलन में रजिस्टर्ड युवक युवती का बॉयोडाटा निःशुल्क इस ऐप में डाला जाएगा।

